हिन्दी सान्ध्य दैनिक    जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना




www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष : 01 अंक–76 : जौनपुर, बुधवार 16 नवम्बर 2022    सान्ध्य दैनिक ( संस्करण )    पेज –4    मूल्य : 2 रूपया

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने किया निर्माणाधीन रेलवे ओवर ब्रिज के प्रगति कार्य का अवलोकन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। रेलवे पर अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं को उपलब्ध कराने एवं अन्य सुविधाओं का आधुनिककरण करते हुए रेलवे को एक नया स्वरुप प्रदान करने की दिशा में सतत प्रयत्नशील रहते हुए उत्तर रेलवे,लखनऊ मंडल द्वारा लखनऊ परिक्षेत्र में अनेक प्रकार के विकास कार्य अविराम गति से चल रहे हैं। इन प्रगतिशील कार्यों एवं योजनाओं से अवगत होने के लिए आज दिनांक 16.11.22 को माननीय रक्षामंत्री,भारत सरकार ,श्री राजनाथ सिंह का अपने निरीक्षण कार्यक्रम के तहत मंडल के लखनऊ स्थित आलमनगर स्टेशन पर आगमन हुआ ए माननीय रक्षामंत्री अपने इस निरीक्षण के दौरान नए स्टेशन भवन के निर्माण , एक नयी रेल लाइन एवं एक अतिरिक्त प्लेटफॉर्म के कार्य की प्रगति से अवगत हुएए जैसा कि विदित है कि वर्तमान समय में आलमनगर स्टेशन पर अनेक प्रकार के विकास कार्य प्रगति पर हैं ,ताकि यात्री यातायात सहित मालगाड़ियों के संचालन को और अधिक सुगम बनाया जा सके एवं रेलवे की व्यापारिक नीतियों में भी वृद्धि की जा सके साथ ही चारबाग रेलवे स्टेशन पर अत्यधिक गाड़ियों के आवागमन के अतिरिक्त दबाव को भी कम किया जा सके। माननीय रक्षामंत्री ने रेलवे को राष्ट्र की प्रगति एवं विकास का प्रतीक चिन्ह की संज्ञा देते हुए रेलवे के नेटवर्क में निरंतर वृद्धि करने तथा रेलकर्मियों से उनकी सर्वोत्तम रेल सेवाओं का प्रदर्शन



करने की बात कही। अपने इस निरीक्षण कार्यक्रम के अगले चरण में माननीय रक्षामंत्री ने जनपद लखनऊ में उत्तर रेलवे के द्वारा नव निर्मित किये जाने वाले आलमनगर –उतरेटिया (बाईपास ) रेलवे लाइन के बंगला बाजार–बिजनौर मार्ग पर स्थित समपार संख्या 5 सी पर 04 लेन के त्व्ठ पर पहुंचकर सेतु के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया एवं वहां के स्थानीय नागरिकों से संवाद भी किया। इस सेतु के निर्माण की स्वीकृति वर्ष 2017–18 में हुई थी प्आज के इस निरीक्षण कार्यक्रम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक, महापौर लखनऊ, श्रीमती संयुक्ता भाटिया, सदस्य विधान परिषद्, श्री मुकेश शर्मा, उत्तर रेलवे के अपर महाप्रबंधक, श्री शमिंदर सिंह एवं लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री सुरेश कुमार सपरा सहित अन्य अधिकारीगण ,कर्मचारी एवं गणमान्य और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## जनजातीय गौरव दिवस के रूप मे मनाई गई भगवान बिरसा मुंडा की 147 वीं जयंती

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय गाजीपुर। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष विनोद खरवार की अध्यक्षता मे भाजपा जिला कार्यालय पर जनजाति समाज के महानायक भगवान बिरसा मुंडा की 147 वीं जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप मे मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने कहा कि समाज की मुख्यधारा से दूर सदैव संघर्षरत अनुसूचित जन जातिय समाज के सामाजिक सम्मान और आर्थिक मजबूती का मार्ग भाजपा नेतृत्व की सरकार और उसके मुखिया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रशस्त किया है जो विरसा मुंडा के सम्मान के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है । उन्होंने कहा कि पार्टी महामनिषियों की जो सोच समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन समृद्धि की थी वह आज साकार हो रही है। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि महामंत्री ओम प्रकाश राय,प्रवीण सिंह, मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य




पंचदेव गोड़ ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर अनूप खरवार, त्रिलोकी खरवार, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ ब्रह्मदेव खरवार, त्रिवेणी खरवार , सुरेश खरवार, प्रदीप गौड़, रविंदर गौड़, ऋषिकेश खरवार, शिवम खरवार (प्रधान सुजानपुर), रामअवतार खरवार प्रधान त्रिलोकपुर), रविंद्र खरवार प्रधान , डॉक्टर गुलाल खरवार एवं समस्त जनजाति समाज के लोग उपस्थित रहे।संचालन अमरेंद्र कुमार खरवार जिला महामंत्री अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने किया।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## धर्म परिवर्तन से इनकार पर हत्याः परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

लखनऊ ब्यूरो : दुबग्गा थाना क्षेत्र में धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने को लेकर हुई निधि गुप्ता की मौत के मामले में दुबग्गा कोतवाली पर संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था पीयूष मोर्डिया ने प्रेस वार्ता कर बताया



कि आरोपी सूफियान की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें बना कर दबिश दी जा रही है। वहीं, मां लक्ष्मी गुप्ता की तहरीर पर सूफियान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। घटना में कई अन्य बिंदुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है। पीयूष मोर्डिया ने बताया कि सूफियान ने निधि को मोबाइल दिया था जिसकी शिकायत निधि के परिजन सूफियान के परिजनों से करने गए थे। जहां विवाद के बाद यह घटना हुई। जानकारी में आया है कि निधि की मां लक्ष्मी ने बताया कि सूफियान के पास निधि का एक वीडियो था जिसको लेकर वह उसे तंग कर रहा था। इस सवाल पर पीयूष मार्डिया ने कहा कि इस तरह की कोई जानकारी नही मिली है जांच पड़ताल की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि घटना के बाद सूफियान ट्रामा सेन्टर भी गया था जहां निधि की मौत के बाद सूफियान फरार हो गया। सूफियान की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

## जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में किसान दिवस का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने गंभीरतापूर्वक किसानों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। किसानों द्वारा जिलाधिकारी के समक्ष शिकायत की गई कि शाहगंज के फिरोजपुर माइनर में टेल तक पानी नहीं पहुंच रहा है जिस पर जिलाधिकारी द्वारा एक्सईएन सिंचाई को निर्देशित किया कि मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण कराते हुए सूचित करें। उन्होंने कहा कि सिल्ट सफाई के दौरान स्थानीय किसानों के हस्ताक्षर अवश्य कराएं। जिलाधिकारी ने उप निदेशक कृषि को निर्देशित किया कि ब्लॉक में समूह बनाएं जो खेती के साथ मछली पालन की भी करें। खेत तालाब के योजना के तहत जिला प्रशासन के द्वारा सहयोग किया जाएगा। इस दौरान झींगा मछली को बढ़ावा देने पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि धान–क्रय केंद्र पर धान क्रय की कार्यवाही शुरू हो गई है किसान अपने नजदीकी धान क्रय केंद्र पर जाकर धान विक्रय कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम अपने धान का सैंपल दिखवाले उसके उपरांत ही क्रय केंद्र पर अपने धान को लेकर आएं। जिलाधिकारी ने डिप्टी आरएमओ को निर्देशित किया कि धान क्रय के संबंध में एक टोल फ्री नंबर जारी करें। जिलाधिकारी ने सभी किसानों से अपील की है कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में डीएपी उपलब्ध है किसी भी प्रकार से घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि नकली खाद की शिकायत आने पर सूचित करें, संबंधित के खिलाफ लाइसेंस रद्द करते हुए कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी के0के0 सिंह को निर्देशित किया कि कहीं भी ओवरएक्टिंग की शिकायत आई तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इसके संबंध में जनपद के दुकानदारों से बैठक कर अवगत करा दें। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि निराश्रित गौवंशो के संबंध में एक टोल फ्री नंबर जारी करें जिस पर किसान सूचना दे सके कि कहां पर निराश्रित गोवंश अधिक है। जिलाधिकारी ने उपनिदेशक कृषि को निर्देशित किया कि जनपद के उत्पाद मक्का, मूली और खरबूजा को जी आई टैग करने की कार्यवाही की जाए। सभी किसानों से अपील की है कि पराली खेतों में न जलाये। इसकी मॉनिटरिंग सेटेलाइट से की जा रही है यदि कोई किसान ऐसा करता हुआ पाया जाता है तो दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, किसान वैज्ञानिक सुरेश कनौजिया, अपर जिला कृषि अधिकारी डॉ0 रमेश चंद्र यादव, योजना प्रभारी शरद पटेल सहित अन्य किसान संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उ0प्र0 का प्रतिनिधिमंडल प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उ0प्र0 शासन से एनेक्सी भवन में मिलकर बताई अपनी समस्या

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश का 07 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल श्री जी पार्थ सारथी ,प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उ प्र शासन से एनेक्सी भवन में मिलकर अपनी समस्याएं बताई एवं उनका स्वागत किया । प्रमुख सचिव ने आश्वस्त किया कि पैरामेडिकल कर्मियों की मांगों पर वे शासन स्तर से निर्णय के लिए कटिबद्ध है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधिमंडल श्री जी पार्थसारथी सेन शर्मा प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य से उनके कक्ष में मिला ।प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व श्री सुरेश रावत अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने किया प्रतिनिधिमंडल में अतुल मिश्रा महामंत्री राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उ प्र,श्री उमेश मिश्रा महामंत्री ,श्री अजय पाण्डेय कोषाध्यक्ष डी पी ए , श्री राम मनोहर कुशवाह महामंत्री श्री राजेश शुक्ला उपाध्यक्ष एक्स रे टेक्नीशियन एसो , श्री बी के सिंह महामंत्री प्रयोगशाला सहायक संघ ,श्री डी डी त्रिपाठी अध्यक्ष डेंटल ीलहपमदपेज एसो , श्री अनिल चौधरी महामंत्री प्रोवेंशियल फिजियोथेरेपिसट एसो ,श्री जी एम सिंह अध्यक्ष ऑप्टॉमट्रिस्ट एसो आदि शामिल थे। श्री वी पी मिश्र राष्ट्रीय अध्यक्ष इप्सेफ भी शामिल थे। श्री अतुल मिश्रा महामंत्री ने प्रमुख सचिव को ज्ञापन देकर अवगत कराया कि वेतन विसंगतिया,कैडर रिव्यू करने



सीएचसी पीएचसी केंद्रों पर पैरामेडिकल के पद कार्य व मानक के अनुसार पद सृजित करने ,शेष बचे कुछ पदाधिकारी ,कर्मचारी के गलत स्थानांतरण को निरस्त करने आदि मांगों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रमुख सचिव ने कहा कि परिषद से सम्बद्ध पैरामेडिकल कर्मचारियों की मांगों पर सार्थक निर्णय करने के लिए प्राथमिकता से कार्य प्रारंभ कर दिया है। आशा है कि बहुत जल्द सभी मांगों पर निर्णय हो जाएगा। नए मेडिकल कॉलेजों में कर्मचारियों को कार्य मुक्त करने एवं उनके पदों को समाप्त करने की कार्यवाही पर वह स्वयं मा उपमुख्यमंत्री जी एवं प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा से बात करके उक्त कार्यवाही को निरस्त करने का प्रयास करेंगे। कर्मचारियों के प्रति उनकी पूरी सहानुभूति है और बहुत जल्द महानिदेशक एवं संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। उन्होंने कहा कि पैरामेडिकल कर्मचारी स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ है उनकी मांगों पर सार्थक निर्णय करने में वे उनके साथ हैं उन्होंने यह भी अपेक्षा की कि अस्पतालों में पर्याप्त सुधार लाने के बारे में भी अपना सुझाव दें।

## मनाया गया मघ्घर (मार्गशीर्ष) माह संक्रान्ति पर्व

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। आज दिनांक 16.11.2022 को सायं मघ्घर माह संक्रान्ति पर्व पर ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरू नानक देव जी नाका हिंडोला,लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं सत्कार के साथ मनाया गया। जिसमें रहिरास साहिब के पाठ के उपरांत रागी जत्था भाई राजिन्दर सिंह जी अपनी मधुरवाणी मे शबद कीर्तन–

" मघरि माहि सोहंदीया हरि पिर संग बैठड़आह।
तिन की शोभा किया गयी जे साहिब मेलड़ीआह।।

द्वारा आई साध संगतों को निहाल किया। ज्ञानी सुखदेव सिंह जी ने




मघ्घर (मार्गशीष) माह संक्रान्ति पर्व पर कथा व्याख्यान करते हुए कहा कि इस महीने में जो व्यक्ति परमात्मा की प्राप्ति हेतु सत्संग करता है उसे संसार एवं परलोक दोनों में सम्मान प्राप्त होता है। संसार में धन,दौलत, पदार्थों द्वारा प्राप्त सम्मान केवल एक सीमित अवधि के लिए होता है और इन सभी वस्तुओं से कभी–कभी अपमान भी हो जाता है। लेकिन जो व्यक्ति परमात्मा की आराधना करता है उसकी शोभा संसार में इतनी फैल जाती है कि उसका आंकलन करना भी मुमकिन नहीं क्योंकि परमात्मा के भक्त भी भगवान की तरह बहुमूल्य हो जाते है। इसलिए इस महीने में हमें ज्यादा से ज्यादा भजन सिमरन व सत्संग करना चाहिए ताकि भगवान हम पर अपनी असीम कृपा बनाये रखे। सिमरन साधना परिवार के बच्चों ने भी इस कार्यक्रम में शब्द कीर्तन गायन किया। कार्यक्रम का संचालन स0 सतपाल सिंह "मीत" ने किया। दीवान की समाप्ति के उपरान्त लखनऊ गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष स0 राजेन्द्र सिह बग्गा जी ने समूह संगत को मघ्घर (मार्गशीष) माह संक्रान्ति पर्व की बधाई दी। समाप्ति के उपरान्त गुरु का लंगर वितरित किया गया।

## दो शिक्षिकाओं में गालीगलौज के बाद छात्रों के सामने मारपीट : अखाड़ा बन गया विद्यालय

रायबरेली ब्यूरो : रायबरेली जिले के डलमऊ विकासखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय खलीलपुर में तैनात दो शिक्षिकाओं के बीच आपसी विवाद के चलते विद्यालय अखाड़ा बन गया। शिक्षिकाओं के बीच छात्रों के सामने जमकर मारपीट भी हुई। जिससे विद्यालय परिसर में अफरा–तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक के हस्तक्षेप के बाद मामले को शांत कराया गया। वहीं शिक्षिका पूजा वर्मा की डलमऊ कोतवाली में दी गई तहरीर के आधार पर दूसरी शिक्षिका के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है । डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के खलीलपुर गांव के प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को किसी बात को लेकर प्राथमिक विद्यालय में तैनात दो शिक्षिकाओं में कहासुनी होने लगी और देखते ही देखते दोनों में हाथापाई हो गई जिस पर विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापक सुरेंद्र कुमार के बीच बचाव के बाद मामला शांत हुआ। वहीं, एक शिक्षिका पूजा वर्मा निवासिनी रामनगर उरई जनपद जालौन द्वारा डलमऊ कोतवाली में बताया गया कि मंगलवार



को विद्यालय में तैनात शिक्षिका अनीता द्वारा जाति सूचक गालियां देते हुए हाथापाई करने लगी और हाथ के अंगूठे को अपने दांतो से काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। इसकी शिकायत खंड शिक्षा अधिकारी केके तिवारी से की गई है। कोतवाली प्रभारी पंकज तिवारी ने बताया कि शिक्षिका पूजा वर्मा द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी डलमऊ केके तिवारी ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है और जांच कराई जा रही है।

## 68 हजार एनएचएम कर्मियों को मिलेगा सामूहिक बीमा का लाभ : दिए गए 80 करोड़ रुपये

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत 68 हजार कर्मियों को सामूहिक बीमा योजना का लाभ मिलेगा। इसके लिए एनएचएम को 80 करोड़ रुपये का बजट मिला है। इस योजना को लागू करने की कवायद शुरू हो गई है। सभी सीएमओ को निर्देश दिया गया है कि मानव संपदा पोर्टल पर छूटे हुए कर्मियों का नाम 30 नवंबर तक अपडेट कर दिया जाए। प्रदेश में अभी तक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत 68 हजार चार सौ 69 कर्मचारी कार्यरत हैं। इसमें नर्सिंग, लैब टेक्नीशियन, अटेंडेंट आदि शामिल हैं। अब इन सभी को सामूहिक बीमा पालिसी का लाभ दिया जाएगा। एनएचएम निदेशक ने सभी सीएमओ को जिलेवार संख्या भेजा है। इसमें निर्देश दिया गया है कि यदि उनके जिले में सूची के अतिरिक्त कोई कर्मचारी कार्यरत है तो मानव संपदा पोर्टल पर 30 नवंबर तक उसका नाम अपडेट कर दें ताकि बीमा पालिसी में शामिल किया जा सके। कर्मचारियों को बीमा पालिसी में कितने रुपये तक की सुविधा मिलेगी अभी इसका विवरण जारी नहीं किया गया है। मालूम हो कि बीमा पालिसी लागू करने की मांग को लेकर

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

एनएचएम कर्मी कई बार धरना–प्रदर्शन भी कर चुके हैं। केंद्र सरकार की ओर से वर्ष 2018 में ही इस योजना को लागू करने का निर्देश दिया गया था लेकिन अभी तक प्रदेश में यह योजना लागू नहीं हो पाई थी। पांच लाख तक के इलाज की सुविधा मिले राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के महामंत्री योगेश उपाध्याय ने बताया कि मिशन के अफसरों के साथ हुई संघ की बैठक में पांच लाख तक इलाज की सुविधा देने की मांग की गई है। इसी तरह दुर्घटना होने पर अपंगता के आधार पर मूल्यांकन करने के बाद आर्थिक सहयोग, मृत्यु होने पर आर्थिक सहयोग आदि को भी बीमा के दायरे में लाने की मांग की गई है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

शान्ति की शुरुआत मुस्कुराहट के साथ होती है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

OM SHANTI

## सम्पादकीय

# जहरीली हवा से कब होगा छुटकारा

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कहा कि 'राज्य सरकारों को उन पराली से छुटकारा पाने के लिए हार्वेस्ट मशीनें उपलब्ध करानी चाहिए, लेकिन वे पर्याप्त संख्या में आवश्यक मशीनें और अन्य उपाय उपलब्ध कराने में विफल रही हैंय नतीजतन, किसान पराली जलाने को मजबूर हैं, जिससे प्रदूषण होता है।

नवंबर के महीने में क्या कभी प्रदूषित हवा से छुटकारा मिल सकता है? अगर आप दिल्ली में रहते हैं, या राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र या उत्तर भारत के किसी भी इलाके में रहते हैं, तो यह ऐसा समय है, जब वायु गुणवत्ता सूचकांक (एयर क्वालिटी इंडेक्स–एक्यूआई) हर रोज चर्चा का विषय बन जाता है। हम एक ऐसे चरण में पहुंच गए हैं, जब हवा की गुणवत्ता में थोड़ा–सा भी सुधार होता है और हवा की गुणवत्ता को 'गंभीर' या 'खतरनाक' के बजाय 'खराब' के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, तो जश्न मनाने लगते हैं।

लेकिन आंशिक रूप से पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने, औद्योगिक एवं वाहनों के धुएं तथा सड़कों की धूल की वजह से दिल्ली की जहरीली, धुएं से भरी हवा उन सभी लोगों के लिए आम बात हो गई है, जो इस शहर में रहते हैं। यह खबर बन जाती है, क्योंकि दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी है। हर साल सर्दियों में हवा में विषाक्तता कई कारणों से बढ़ जाती है, जिसमें हवा की कम गति, त्योहार की आतिशबाजी और पड़ोसी राज्यों में किसानों द्वारा फसल अवशेषों को जलाना शामिल है।

मानव स्वास्थ्य पर इसके भयंकर दुष्प्रभावों के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हो रहा है। मगर भारत में वायु प्रदूषण न तो दिल्ली तक सीमित है और न ही सर्दियों तक और न ही शहरों तक। वायु प्रदूषण के बारे में सभी गर्मागर्म चर्चाओं में, जिस बात को अक्सर नजर अंदाज किया जाता है वह है, लोगों के विभिन्न समूहों पर वायु प्रदूषण का अलग–अलग प्रभाव। प्रदूषित हवा सबको प्रभावित करती है, लेकिन समान रूप से नहीं। जिन लोगों को अपनी आजीविका के लिए बाहर रहने की आवश्यकता होती है, वे प्रदूषित हवा से अधिक प्रभावित होते हैं।

निवास स्थान भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सघन औद्योगिक या व्यावसायिक स्थानों के पास रहने वाले गरीब लोग घर के साथ–साथ काम पर भी औद्योगिक प्रदूषण के अधिक जोखिम का सामना करते हैं। इस आलेख को लिखे जाने के समय दिल्ली का एक्यूआई कुल मिलाकर 295 है, लेकिन दिल्ली में हर कोई एक ही तरह की जहरीली हवा में सांस नहीं ले रहा है। प्रमुख परिवहन केंद्र आनंद विहार, जहां वाहनों के उत्सर्जन और सड़क की धूल की उच्च सांद्रता है और साहिबाबाद का औद्योगिक क्षेत्र तथा पास में स्थित गाजीपुर लैंडफिल का एक्यूआई 342 से ऊपर है।

उन लोगों की स्थिति की कल्पना कीजिए, जिनके पास दिन के अधिकांश समय बाहर रहने के अलावा कोई विकल्प नहीं है, जैसे रिक्शा चालकों, सड़क पर दुकान लगाने वालों को जहरीली हवा में सांस लेना पड़ता है। इसके विपरीत, यदि आप दिल्ली के मध्य में स्थित लक्जरी होटल, द ओबेरॉय के मनोरंजन कक्ष में जाते हैं, तो आपको एक संकेत दिखाई देगा कि होटल सुइट्स के भीतर एक्यूआई 10 से कम है। पांच नवंबर को इस लक्जरी होटल के भीतर एक्यूआई वास्तव में सिर्फ तीन था, जबकि उस दिन दिल्ली का कुल एक्यूआई 444 था।

इस लक्जरी होटल का कहना है कि इसमें अत्याधुनिक केंद्रीकृत वायु शोधन प्रणाली है, जो ग्राहकों के होटल के कमरे में आने और होटल के अन्य हिस्सों में सांस लेने पर हवा को मौलिक रूप से साफ करती है। ओबेरॉय के एक वेटर ने मुझे बताया कि वह केवल स्वच्छ हवा के लाभ के कारण होटल के अंदर लंबे समय तक रहने से खुश है और जब उसने होटल से बाहर कदम रखा, तो उसने मास्क पहना था। अति समृद्ध भारतीय अब एयर प्यूरिफायर लगाकर, घर के अंदर अधिक 'संरक्षित हवा' में खुद को बचाना चाहते हैं और बाहर निकलते समय मास्क लगाते हैं।

यह मदद तो करता है, लेकिन केवल आंशिक रूप से, क्योंकि एयर प्यूरीफायर पर काफी पैसे खर्च होते हैं और प्रत्येक कमरे को शुद्ध करने में बहुत खर्च आता है। इसके अलावा, हममें से बहुत कम लोग ही हमेशा स्वच्छ हवा वाले परिसरों में कैद होकर रह सकते हैं। दिल्ली की प्रसिद्ध सुंदर नर्सरी ने एक आउटडोर एयर प्यूरीफायर भी लगाया है, लेकिन इसका प्रभाव इसके आसपास तक ही सीमित है। बाकी लोग क्या करें? विशेष रूप से बच्चे और बुजुर्ग वायु प्रदूषण को लेकर ज्यादा संवेदनशील होते हैं।

भारत में शहरी वायु प्रदूषण से मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों की जांच करने वाले 2011 के एक शोध पत्र ने निष्कर्ष निकाला कि ऐसा प्रदूषण विशेष रूप से गरीब लोगों के लिए हानिकारक है। उस शोध पत्र में बताया गया कि 'कम आय वाले लगभग 74 फीसदी लोग सालाना चौबीसों घंटे के औसत 150 माइक्रोग्राम/घन मीटर से अधिक पीएम 10 सांद्रता स्तर में रहते हैं, जबकि मध्यम या उच्च आय वाले लोगों का यह आंकड़ा लगभग 58 फीसदी है। आवासीय क्षेत्रों के लिए सुरक्षित स्तर का मानक 60 माइक्रोग्राम/घन मीटर तक है।'

ये मुद्दे समानता से संबंधित हैंय उन्हें जहरीली हवा और इसके कारण होने वाली उच्च मृत्यु दर और बीमारी के बोझ के बारे में चर्चा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होना चाहिए। हाल ही में, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कहा कि यह सभी चार राज्य सरकारों की विफलता के कारण है कि दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में पराली जलाई जा रही है, जिससे हवा में भारी प्रदूषण हो रहा है। आयोग ने कहा कि किसान 'मजबूरी में' पराली जला रहे हैं और यह चार राज्य सरकारों की 'विफलता' के कारण हो रहा है।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कहा कि 'राज्य सरकारों को उन पराली से छुटकारा पाने के लिए हार्वेस्ट मशीनें उपलब्ध करानी चाहिए, लेकिन वे पर्याप्त संख्या में आवश्यक मशीनें और अन्य उपाय उपलब्ध कराने में विफल रही हैंय नतीजतन, किसान पराली जलाने को मजबूर हैं, जिससे प्रदूषण होता है। इसलिए, कोई भी राज्य पराली जलाने के लिए किसानों को दोष नहींदे सकता है।' ऐसे में उम्मीद करनी चाहिए कि राज्य सरकारों और केंद्र सरकार इस पर और वायु प्रदूषण में योगदान देने वाले अन्य कारकों पर एकमत हों और समस्याओं को सुलझाएं। जहरीली हवा हमें मार रही हैय वायु प्रदूषण के चलते हमारे बच्चों का जीवन और भविष्य दांव पर है।

ये लेखक के अपने विचार हैं।

## मार्केटिंग 'विशेषज्ञता' का एक विस्तृत क्षेत्र है –डॉ सचिन कुमार श्रीवास्तव

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। मार्केटर का विभिन्न व्यवसाय में उपयोग करने का तरीका बताते हुए लेखकः प्रो0 (डॉ0) सचिन कुमार श्रीवास्तव प्रोफेसर आई0आई0एल0एम0 एकेडमी ऑफ हायर लर्निंग 'लखनऊ।' ने कहा कि आपने लंबे समय से मार्केटिंग के बारे में सुना है, और आप शायद इस क्षेत्र के कुछ लोगों को जानते भी हैं। लेकिन जब आप खुद से पूछते हैं, "मार्केटर क्या करते हैं?" विवरण थोड़ा अस्पष्ट हो जाता है। मार्केटिंग जैसे व्यापक क्षेत्र के लिए एक अच्छा कारण है। मार्केटिंग जॉब का विवरण दो पेशेवरों के लिए 100 प्रतिशत अलग दिख सकता है जो कि समान जॉब टाइटल साझा करते हैं। मार्केटिंग 'विशेषज्ञता' का एक विस्तृत क्षेत्र है जिसमें कई अलग–अलग फोकस क्षेत्र, कौशल और नौकरी विवरण शामिल हैं। मार्केटिंग में काम करते समय एक कंपनी को हमेशा सकारात्मक प्रकाश में प्रदर्शित करना शामिल है, ताँकि ग्राहकों को दिखाकर कि उन्हें किसी कंपनी पर भरोसा क्यों करना चाहिए और उसके सामान या सेवाओं को क्यों खरीदना चाहिए। एक मार्केटर विशेष रूप से क्या करता है? वास्तव में इसके सैकड़ों विवरण उपलब्ध हैं। लेकिन हमने मार्केटरों से कुछ बड़ी मार्केटिंग श्रेणियों के साथ–साथ उनके कार्य विवरणों को साझा करने के लिए कहा, ताकि आपके कार्यों को जानने में मदद मिल सके। यह देखने के लिए कि क्या आप इस क्षेत्र में खुद को देख सकते हैं, आइए मार्केटिंग के इन रूपों पर करीब से नजर डालें। मार्केटिंग नौकरी का विवरण मार्केटर अपने संगठन के उत्पादों या सेवाओं के बारे में उचित शब्द को निकालने में दिमाग लगाता है। श्रम सांख्यिकी ब्यूरो (Bureau of Labor Statistics BLS) के अनुसार, वे बाजार के रुझानों की निगरानी करते हैं विज्ञापन अभियान बनाते हैं, जनसांख्यिकीय डेटा के आधार पर मूल्य निर्धारण रणनीतियों और लक्ष्यीकरण रणनीतियों का विकास करते हैं और कंपनी के साथ काम करते हैं ताकि वे जो पेशकश करते हैं उसके बारे में अधिक जागरूकता विकसित कर सकें। जब मार्केटिंग जाब डिस्क्रिप्शन को परिभाषित करने की बात आती है, तो ब्लिंक चार्जिंग में मार्केटिंग के वीपी रेबेका गुतिरेज का कहना है कि आपको एक सार्वभौमिक उत्तर मिलने की संभावना नहीं है। गुतिरेज कहते हैं कि "छोटे और मध्यम आकार के व्यवसायों में एक बाजारिया के रूप में, मैं किसी विशिष्ट प्रकार के मार्केटिंग कौशल या चौनल पर ध्यान केंद्रित नहीं कर सकता, बल्कि हर चीज में परिचित और अनुभवी होना चाहिए।" गुतिरेज के अनुसार, चाहे वह ग्राफिक डिजाइन हो, जनसंपर्क में संलग्न हो, डिजिटल मार्केटिंग, सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन और यहाँ तक कि वेब डिजाइन–मार्केटर्स कई अलग–अलग चौनलों और कौशल क्षेत्रों में काम करते हैं। "तकनीकी प्रगति के साथ मार्केटर के लिए आवश्यक कौशल की मात्रा में वृद्धि हुई है।" व्यापक कैचॉल जॉब विवरण के बजाय, आपको कई विशिष्ट भूमिकाओं के लिए अलग–अलग जाब डिस्क्रिप्शन मिलने की अधिक संभावना है। इनमें से कई भूमिकाएँ दो ब्रकेट में से एक में आती हैं– (1) डिजिटल मार्केटिंग और (2) पारंपरिक मार्केटिंग। (1) डिजिटल मार्केटिंग में मार्केटर क्या करते हैं? इन दिनों मार्केटिंग की एक बड़ी श्रेणी डिजिटल मार्केटिंग है। यदि आप इन दिनों ऑनलाइन होने वाली हर चीज के बारे में सोचते हैं, तो आपको इस बात का संकेत मिलेगा कि ये प्रयास अपने आप में कितने विशाल हैं। हमने डिजिटल मार्केटिंग पेशेवरों से इस क्षेत्र की विभिन्न प्रकार की मार्केटिंग के बारे में बात करने के लिए कहा। हालाँकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि ये श्रेणियाँ ओवरलैप और लगातार बदलती रहती हैं। यह वहाँ मौजूद कई मार्केटिंग फोकसों में से कुछ का एक स्नैपशॉट दिया गया है। पे–पर–क्लिक (पीपीसी) मार्केटिंग पीपीसी मार्केटिंग में वेबसाइटों पर खोज इंजनों में प्रायोजित सामग्री शामिल है– अपितु और भी बहुत कुछ उपलब्ध है। कई मामलों में, ये वे लोग होते हैं जो प्लेसमेंट के लिए भुगतान करके यह सुनिश्चित करते हैं कि व्यवसाय का उत्पाद या सेवा लैंडिंग पृष्ठ खोज परिणामों के शीर्ष पर या उसके पास है। यह सर्च इंजन मार्केटिंग का "सशुल्क" हिस्सा है – वेबसाइट की सर्च इंजन दृश्यता बढ़ाने के लिए उपयोग की जाने वाली "ऑर्गेनिक" भूमिकाएं भी हैं। कैरियाड मार्केटिंग में SEO/PPC अकाउंट मैनेजर जेमी बर्गेस कहते हैं, "लगातार अपडेट और नियमित रूप से पेश की जाने वाली नई सुविधाओं के साथ, आपको जो चल रहा है, उसके साथ अद्यतित रहने का प्रयास करना होगा या कर्व के पीछे जाने का जोखिम उठाना होगा।" "एक एजेंसी के लिए काम करते हुए, मैं ग्राहकों और उद्योगों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए संपर्क प्राप्त करता हूं जो यह सीखने का एक शानदार तरीका है कि सामान्य रूप से विशिष्ट निचे और ऑनलाइन दोनों के लिए क्या काम करता है।" खोज इंजन अनुकूलन (एसईओ) रैंकिंग में शीर्ष पर रहने के लिए एसईओ के खोज इंजन की एल्गोरिदम में बदलाव कर के फायदा उठाना। यह सर्च इंजन मार्केटिंग के "ऑर्गेनिक" पक्ष का हिस्सा है। बफेलो–7 के मार्केटिंग मैनेजर जेम्स रॉबिन्सन कहते हैं "एसईओ एक लंबी अवधि की रणनीति है।" रॉबिन्सन का कहना है कि एसईओ मार्केटिंग, खासकर जब इसका उद्देश्य व्यवसायों को आकर्षित करना है, तो उपलब्ध मार्केटिंग का सबसे अधिक लागत प्रभावी रूप हो सकता है। "आपको वास्तव में अद्यतित रहना होगा और चूंकि ळववहसमो अपने एल्गोरिदम बदलता है, यदि आप परिणाम प्राप्त करना जारी रखना चाहते हैं तो आपको उनके साथ बदलना होगा। यह कठिन और कठिन होता जा रहा है, लेकिन इसका मतलब है कि अगर आप इसमें सही तरीके से निवेश करते हैं तो अपनी प्रतिस्पर्धा में बने रहना आसान हो जाता है। विषयवस्तु का व्यापार 99firms.com के राज वर्धमान कहते हैं, "सामग्री मार्केटिंग और अन्य, मुख्य रूप से पारंपरिक प्रकार के मार्केटिंग के बीच अंतर यह है कि सामग्री मार्केटिंग उत्पादों या सेवाओं को नहीं बेच रहा है।" "इसका मुख्य उद्देश्य ग्राहकों के लिए मूल्य लाना और ब्रांड और ग्राहकों के बीच मजबूत संबंध बनाना है।"ꠑक्की तरह (और अक्सर ꠑम्ट के साथ मिलकर) कंटेंट मार्केटिंग प्रभावी होने के लिए बिल्डअप लेती है। वर्धमान का कहना है कि कंटेंट मार्केटिंग के साथ निवेश पर रिटर्न की गणना करना मुश्किल है– खासकर शुरुआत में। पेज–1 सॉल्यूशंस के मार्केटिंग और कम्युनिकेशन मैनेजर सारालिन वार्ड कहते हैं, "एक कंटेंट मार्केटर के रूप में, मेरा काम हमारी कंपनी के बारे में संवाद करने के लिए सबसे आकर्षक, रचनात्मक और संक्षिप्त तरीका खोजना है।" चूँकि सामग्री मार्केटर उपभोक्ताओं को आकर्षित करने का प्रयास करते हैं, इसलिए वे उन विषयों पर शोध करते हैं जिनकी उनके संभावित दर्शक परवाह करते हैं और ऐसी सामग्री बनाते हैं जो उन्हें रुचिकर लगे और उन्हें सूचित करे। "मुझे पसंद है कि मेरे काम के लिए मुझे बॉक्स के बाहर सोचने और संचार के नए तरीकों के साथ आने की आवश्यकता है।" वीडियो मार्केटिंग सिग्नेचर वीडियो ग्रुप के संस्थापक और क्रिएटिव डायरेक्टर क्रिस स्टासिक कहते हैं, "मेरी विशेषज्ञता का क्षेत्र वीडियो और कंटेंट मार्केटिंग है।" "लंबी कहानी संक्षेप में, हम अपने ग्राहकों की कहानियों को वीडियो संपत्तियों में बदलते हैं जो उन्हें व्यावसायिक समस्याओं को हल करने में मदद करती हैं।" स्टासियुक बताते हैं कि वीडियो मार्केटर कई अन्य प्रकार के मार्केटिंग की तुलना में बहुत गहरे स्तर पर जुड़ाव को ट्रैक कर सकते हैं। "हम न केवल एक वीडियो देख सकते हैं, बल्कि यह भी देख सकते हैं कि क्या वे रुके, उलटे, दो बार देखे गए या कुछ सेकंड के बाद दूर चले गए। यह डेटा हमें बेहतर भविष्य की सामग्री बनाने और अंततः बेहतर मार्केटर्स बनने में मदद करता है।" सामान्य डिजिटल मार्केटिंग जॉब टाइटल हालांकि यह किसी भी तरह से एक विस्तृत सूची नहीं है, निम्नलिखित नौकरी के शीर्षक आमतौर पर डिजिटल मार्केटिंग से जुड़े होते हैं सामाजिक मीडिया प्रबंधक एसईओ विशेषज्ञ डिजिटल ब्रांड प्रबंधक पेड–मीडिया विशेषज्ञ सामग्री मार्केटिंग विशेषज्ञ (2) मार्केटर पारंपरिक मार्केटिंग में क्या करते हैं? पारंपरिक मार्केटिंग डिजिटल आउटरीच प्रयासों को बाहर नहीं करता है, लेकिन यह कुछ मुख्य उपकरणों से संबंधित है जो डिजिटल मार्केटिंग पर निर्भर करता है। अगर आप सोचते हैं कि 20 साल पहले भी मार्केटिंग का काम किस तरह से किया जाता था, तो आपको इस बात का बेहतर अंदाजा होगा कि इस क्षेत्र में क्या शामिल है– रेडियो, टेलीविजन, समाचार पत्र, पत्रिकाएं, होर्डिंग, टेलीमार्केटिंग, आमने–सामने के प्रयास और बहुत कुछ। कई कंपनियों के लिए एक गैर–डिजिटल दृष्टिकोण उनके ग्राहक आधार के साथ बेहतर तरीके से जुड़ता है। अनुभवात्मक मार्केटिंग "मैं एक ऐसी मार्केटिंग एजेंसी में काम करता हूँ जो अनुभवात्मक मार्केटिंग में विशेषज्ञता रखती है," डियो में मार्केटिंग मैनेजर एमिली फ्रिट्ज कहती हैं। "यह मार्केटिंग में एक बढ़ती प्रवृत्ति है जो उपभोक्ताओं को एक इंटरैक्टिव, वास्तविक जीवन, आमतौर पर हाथों पर, ब्रांड सक्रियण में भाग लेने के लिए आमंत्रित करके सीधे संलग्न करती है।" फ्रिट्ज का कहना है कि अनुभवात्मक मार्केटिंग पॉप–अप दुकानों, आभासी वास्तविकता की किस्त या घटनाओं की एक श्रृंखला की तरह लग सकता है। फ्रिट्ज के अनुसार – "डिजिटल–भारी दुनिया में, अनुभवात्मक मार्केटिंग बाहर खड़ा होता है और अव्यवस्था से टूट जाता है। यह एक वास्तविक जीवन का अनुभव है जो एक ब्रांड की स्थिति और व्यक्तित्व को अधिक स्पष्ट रूप से बताता है।" चूँकि इस तरह का मार्केटिंग अभियान का संबंध–निर्माण के बारे में अधिक है, फ्रिट्ज का कहना है कि यह ब्रांड की वफादारी बनाने और बनाए रखने में मदद कर सकता है। एक ईंट–और–मोर्टार क्राफ्ट स्टोर, उदाहरण के लिए, दुकान में एक शिल्प–निर्माण कार्यक्रम शुरू कर सकता है, जिसकी चर्चा हो सकती है, उपभोक्ताओं को व्यवसाय के बारे में शिक्षित करने और ब्रांड के बारे में लोगों की समझ को सुदृढ़ करने के अवसर प्रदान कर सकता है। फ्रिट्ज कहते हैं, "सिर्फ इसलिए कि दुनिया अभी डिजिटल है, सभी चीजों का ऑंख बंद करके पालन न करें।" "मनुष्य अपनी स्क्रीन के बाहर आंत के अनुभवों के लिए तरसने लगे हैं। सभी मार्केटिंग विषयों का पता लगाने के लिए खोज करते हैं। जैसे अनुसंधान, बिक्री, रणनीति, विश्लेषक, मीडिया, विज्ञापन, रचनात्मक, खुदरा, सामग्री, डिजिटल, सोशल मीडिया, ईमेल, जनसंपर्क, संबद्ध, प्रायोजन, प्रिंट, प्रसारण, उभरते मीडिया, व्यापार शो, घटना और हाँ, अनुभवात्मक।" यहाँ तक कि अगर आप सड़क के नीचे किसी चीज के विशेषज्ञ हैं, तो भी आप उसकी मार्केटिंग कर सकते हैं और अपना अनुभव सेल कर सकते हैं। स्थानीय मार्केटिंग होर्डिंग, बस स्टॉप, कैफे बुलेटिन बोर्ड ... स्थानीय मार्केटिंग हर जगह है। यदि आपकी कंपनी एक भौतिक स्थान में मौजूद है, तो संभावना है, स्थानीय मार्केटिंग के कुछ तत्व (चाहे पारंपरिक या डिजिटल) आपके गेम प्लान का हिस्सा होंगे। गुतिरेज इस बात पर जोर देते हैं कि कई मार्केटर अपनी नौकरियों में विभिन्न प्रकार के मार्केटिंग दृष्टिकोणों का उपयोग करेंगे, जो किसी विशिष्ट मार्केटिंग शैली की तुलना में किसी कंपनी के अपने प्रतिनिधित्व में विशेषज्ञता रखते हैं। "कोई भी दिन खाली नहीं होता जब आपके पास मार्केटिंग कौशल की एक विस्तृत श्रृंखला न हो। एक दिन में एक व्यवसाय–से–व्यवसाय उत्पाद के लिए एक ईमेल अभियान तैयार कर रहा हूं और अगले दिन मैं अपने ग्राफिक डिजाइनर के साथ टैक्सियों और बस स्टॉप के विज्ञापन अभियान पर काम कर रहा हूँ जो सोशल मीडिया मार्केटिंग द्वारा समर्थित है। गुतिरेज के अनुसार, परियोजनाओं की विस्तृत श्रृंखला हर दिन रोमांचक रखती है, और स्थानीय ग्राहक आधार को जोड़ने के अच्छे तरीके खोजना अनुभव हासिल करने का एक महत्वपूर्ण तरीका है। "मैं स्थानीय मार्केटिंग और गैर–लाभकारी संगठनों में शामिल होने की सलाह दूंगा," वह कहती हैं। "इन समूहों को भी अक्सर स्वयंसेवकों की आवश्यकता होती है।" बाजार अनुसंधान एक अन्य मार्केटिंग फोकस–क्षेत्र जो पारंपरिक और डिजिटल के बीच हमेशा अच्छी तरह से क्रमबद्ध नहीं होता है, बाजार अनुसंधान किसी उत्पाद को अधिक प्रभावी ढंग से बाजार में लाने के लिए डेटा के विभिन्न रूपों को खनन करने का अभ्यास है। ऐसा करने के लिए, वे संभावित ग्राहकों के प्रतिस्पर्धी अनुसंधान, उपभोक्ता सर्वेक्षण और साक्षात्कार पैनल आयोजित करते हैं। इस जानकारी का उपयोग तब उत्पाद की स्थिति, मूल्य, प्रमुख संदेश और अन्य महत्वपूर्ण रणनीतिक निर्णयों को निर्धारित करने में मदद के लिए किया जाता है – जिनमें से कई पारंपरिक और डिजिटल मार्केटिंग दोनों में फैले हुए हैं। सामान्य पारंपरिक मार्केटिंग कार्य शीर्षक डिजिटल मार्केटिंग जॉब टाइटल कुछ नीचे दी गयी हैं। लेकिन यदि आप अपने करियर को मार्केटिंग के "पारंपरिक" पक्ष पर केंद्रित करना चाहते हैं तो निम्न दिये शीर्षक पर गौर जरूर करें मार्केटिंग जनरलिस्ट सामुदायिक मार्केटिंग समन्वयक ब्रांड प्रबंधक प्रचार निदेशक व्यवसाय विकास रणनीतिकार "मार्केटर क्या करते हैं?"इसे पढ़ने के बाद, आप सोच रहे होंगे कि बेहतर सवाल यह है कि "मार्केटर क्या नहीं करते?" इन सभी भूमिकाओं, विधियों और मार्केटिंग नौकरी के विवरण से जाना – यह कहना एक सुरक्षित शर्त है कि मार्केटर के पास अपनी रचनात्मकता और रणनीतिक–सोच क्षमताओं को लागू करने के लिए बहुत सारे विकल्प हैं। वार्ड के अनुसार – यदि आपको लगता है कि इतने सारे विकल्पों के साथ करियर बहुत ही रोमांचक लगता है, तो क्या आपने कभी मार्केटिंग में आने पर विचार किया है? "एक उद्योग के रूप में मार्केटिंग दिन–प्रतिदिन के काम के मामले में सबसे अधिक विविधता प्रदान करता है।" "और लगभग किसी भी कौशल के लिए तैयार करता है।" वार्ड आगे बताते हैं कि –अगर आपको लिखना पसंद है, तो कंटेंट मार्केटिंग है। यदि आप आकर्षक दृश्य पसंद करते हैं तो ग्राफिक या वेब डिजाइन है। "क्या आपको पहेली सुलझाना पसंद हैं? आप SEO और सशुल्क विज्ञापनों में कामयाब हो सकते हैं। मार्केटिंग एक ऐसा क्षेत्र है जहाँ आप बहुत कामयाब हो सकते हैं और एक सफल करियर बना सकते हैं।

## जिला स्तरीय उर्वरक समिति की बैठक संपन्न : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने दिये निर्देश कालाबाजारी पर होगी कार्यवाही

जौनपुर सू.वि. : जिला स्तरीय उर्वरक समिति की बैठक जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा इफको द्वारा आपूर्तित उर्वरकों के बिक्री से जुड़े समस्त विक्रेताओं को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि उर्वरकों का वितरण जोत के आधार पर शत–प्रतिशत पी0ओ0एस0 मशीन के माध्यम से किया जाय। यदि किसी भी उर्वरक विक्रेता द्वारा बिना खतौनी प्राप्त किये उर्वरकों की बिक्री की जाती है, तो उसके ऊपर कठोर कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी द्वारा जनपद के उर्वरक आपूर्तिकर्ता संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि जनपद में किसी भी डीलर द्वारा नकली उर्वरक बिक्री की सूचना यदि प्राप्त होती है, तो तत्काल उनकी डीलरशिप निरस्त किया जाय। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद को प्राप्त होने वाली उर्वरकों का स्थानीय मांग के अनुरूप कृषकों में समान रूप से वितरण को सुनिश्चित किये जाने हेतु कृषि विभाग, सहकारिता विभाग एवं राजस्व विभाग के कार्मिकों की ड्यूटी बिक्री केन्द्रवार लगायी गयी है, ये कार्मिक अपनी उपस्थिति में गुणवत्तायुक्त शासन द्वारा निर्धारित मूल्य पर उर्वरकों का वितरण कृषकों के बीच करायेंगे। जिला कृषि अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि इफको फॉस्फेटिक उर्वरक की एक रैक 2200.00 मी0टन प्राप्त हो चुकी है। वर्तमान में जनपद में यूरिया एवं फॉस्फेटिक उर्वरकों की उपलब्धता है, जनपद में बुवाई का कार्य प्रारम्भ हो चुका है। जिसके लिए फॉस्फेटिक उर्वरक दो रैक सहकारिता क्षेत्र में एवं दो रैक निजी क्षेत्र में आवश्यकता होगी साथ ही साथ यह भी अवगत कराया गया है, कि इफको की डी0ए0पी0 एवं एन0पी0के0 की बिक्री एक समान मूल्य पर की जानी है। जनपद के कृषकों द्वारा प्रायः डी0ए0पी0 उर्वरकों को खेतों में प्रयोग हेतु प्राथमिकता देते है, जिसमें केवल फॉस्फोरस एवं नाईट्रोजन पोषक तत्व ही पाये जाते है, जबकि एन0पी0के0 कृषकों के लिए एक बेहतरीन फॉस्फोटिक उर्वरक है जिसमें फॉस्फोरस और नाइट्रोजन के अतिरितक्त पोटाश भी पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। एन0पी0के0 का प्रयोग करने से कृषकों को पोटाश की कम मात्रा खेतों में डालनी पड़ती है। जिलाधिकारी द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि जनपद में किसी भी उर्वरक विक्रेता द्वारा कालाबाजारी, स्टॉक होल्डिंग, नकली उर्वरकों की बिक्री एवं निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर बिक्री आदि का मामला संज्ञान में आते ही जिला प्रशासन को संज्ञान में लेते हुए त्वरित विभागीय कार्यवाही करायी जाय। जनपद में कृषकों को उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराने हेतु जिला प्रशासन सतत् प्रयत्नशील है जनपद के कृषकों में खाद की कोई कमी नहीं होने दी जायेगी। शिकायत प्राप्त होने पर उर्वरक विक्रेताओं के ऊपर त्वरित कार्यवाही की जायेगी। बैठक में जिला कृषि अधिकारी ने अवगत कराया है कि यूरिया का मूल्य प्रति बैग 266.50, डीएपी का मूल्य प्रति बैग 1350, एन0पी0के0 इफको (20:20:0:13) का मूल्य प्रति बैग 1350, एन0पी0के0 निजी (20:20:0:13) का मूल्य प्रति बैग 1400 रुपये निर्धारित है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, जिला कृषि अधिकारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता, जिला प्रबन्धक पी0सी0एफ0, जिला उद्यान अधिकारी सहित कृषि विभाग एवं सहकारिता विभाग के कार्मिक और उर्वरक आपूर्तिकर्ता कम्पनी के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

## आर्थिक तंगी से मजबूर माँ बेटे ने जहर खाकर लगाया मौत को गले

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : शाहपुर में मंगलवार की सुबह को आर्थिक तंगी से हारकर जंहा पिता और उसकी दो बेटियों ने सुसाइड कर लिया था वही देर रात गोरखनाथ इलाके की एक माँ और उसके बेटे ने भी जहर खाकर मौत को गले लगा लिया महिला और उसका छोटा बेटा बड़े बेटे की कारस्तानियों से परेशान थे दरअसल मा ने मकान बेचा था उस पैसे को बड़े बेटे ने खर्च कर दिया था जिसकी वजह से आर्थिक तंगी झेलनी पड़ रही थी। जानकारी के अनुसार जनप्रिय बिहार कॉलोनी निवासी सत्यनारायन राव बैंक में काम करते थे कुछ साल पहले उनकी मौत हो गई. मौत के बाद 55 वर्षीया उनकी पत्नी सरोज देवी अपने दो बेटों श्रीश राव और 25 वर्षीय मनीष राव के साथ रहती थी कुछ माह पहले उन्होंने जनप्रिय बिहार की मकान को 69 लाख में बेच दिया था उस रकम को मां और बड़े बेटे के संयुक्त खाते में रखा गया था मोहल्ले वालों के अनुसार बड़े बेटे ने चुपके से खाते को एकल करवाने के साथ रकम निकाल कर अलग जगह मकान खरीद लिया इसकी जानकारी होने पर मां नाराज हुई तो वह पत्नी के साथ ससुराल में जाकर रहने लगा इस दौरान मां छोटे बेटे मनीष के भविष्य को लेकर चिंतित रहने लगी मंगलवार की रात वह छोटे बेटे के साथ जहर खा ली। रात तकरीबन 11बजे मोहल्ले का एक व्यक्ति उनके घर पहुंचा



तो उनके जहर खाने की जानकारी हुई आनन–फानन में दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया डॉक्टर ने हालत गंभीर देख मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जहां पहुंचने पर डॉक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। मोहल्लेवासियों के अनुसार छोटे बेटे मनीष की शादी की बात कही चल रही थी मां उसके शादी की तैयारी में थी बड़े बेटे द्वारा मकान के बेचने से मिली रकम को हड़पने के बाद मां–बेटे दोनों कुछ दिनों से आर्थिक तंगी से भी जुझ रहे थे मनीष गोड़धोईया पुल के पास एक सर्विसिंग सेंटर पर गाड़ी धुलाई का काम कर रहा था इस बीच मां ने कई लोगों से सूद पर भी रुपया ले लिया था जनप्रिय बिहार की जिस मकान को उन्होंने 69 लाख में बेचा था वह अभी उसी मकान में किराए पर रह रहे थे जिस व्यक्ति ने उस मकान को खरीदा है उससे उन लोगों ने खाली करने के लिए कुछ दिन की मोहलत लिए थे। मेडिकल कॉलेज में मां और छोटे भाई की मौत की सूचना पर बड़ा भाई श्रीश राव ससुराल के लोगों के साथ पहुंचा।

## नेत्र शिविर में 250 मरीजों की हुई जांच : 35 का होगा आपरेशन

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : राज आई हास्पिटल गोरखपुर के सौजन्य से बुधवार को बीएसएन ग्लोबल स्कूल बेलावं उर्फ शाहपुर में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर्स की टीम ने शिविर में आए 250 नेत्र रोगियों की जांच की। वहीं मोतियाबिंद बीमारी से ग्रस्त 35 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चुना गया है। जिनका निःशुल्क ऑपरेशन राज आई हास्पिटल गोरखपुर में कराया जाएगा। शिविर का शुभारंभ करते हुए विद्यालय के निदेशक जे के जायसवाल ने कहा कि इस दुनिया में जन्म लेने वाले जितने भी प्राणी हैं। उनके लिए आंखें अनमोल हैं। इसलिए इनकी देखभाल बहुत जरूरी है। आखिर आंखें हैं तो दुनिया की तमाम खूबसूरती का हमारे लिए मायने है। आंखें हमारे लिए अनमोल हैं और इसके बिना हम इस खूबसूरत दुनिया को नहीं देख सकते। यह जानते हुए भी अक्सर हम आंखों के स्वास्थ्य के बारे में बहुत गंभीरता से नहीं सोचते।इसी के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है।




जिसमें जिले के सबसे बड़े और अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित राज आई हास्पिटल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए जाते हैं। इसकी जितनी भी तारीफ की जाए उतनी कम हैं। ऐसे शिविर के माध्यम से गरीब वर्ग के मरीजों को बेहतर इलाज मिलता है। विद्यालय शैक्षणिक विकास के साथ सामाजिक कार्य को पूरी जिम्मेदारी के साथ करता है। जिन मरीजों को ऑपरेशन के लिए चुना गया है। उनका निःशुल्क आपरेशन कराया जाएगा। इस अवसर पर सुनील कुमार यादव, अंकित दूबे,सूरज गौड़,रेहान खान,लाल बचन, दीपक सिंह, चन्द्रकला मौर्य, चन्द्रमति यादव,वर्षा श्रीवास्तव, कुसुम,सुमन, प्रतिभा,बबीता आदि मौजूद रहे।

## विधवा महिला को चौकी इंचार्ज द्वारा नहीं मिला इंसाफ : भटक रही है महिला

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : बांसगांव थाना क्षेत्र हरनही चौकी अंतर्गत मझउवा गांव की विधवा महिला आशा देवी चौकी हरनही में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई की 100 वर्षों से चल रहा सार्वजनिक रास्ते को दबंगों द्वारा जबरन घेरकर रास्ता को अवरुद्ध किया जा रहा है महिला द्वारा बार–बार गुहार लगाने के बाद भी चौकी इंचार्ज ने नजरअंदाज कर दिया मौके पर जाना दूर विधवा महिला को चौकी से डॉट कर घर का रास्ता बता दिया गया विधवा महिला ने हार मान कर जिलाधिकारी गोरखपुर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर मुख्यमंत्री पोर्टल पर सार्वजनिक रास्ते को खुलवाने तथा दबंगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। महिला ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा व वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा महिलाओं को चौकी या किसी भी ऑफिस में अगर फरियाद लेकर आती हैं उनको मामले को त्वरित निस्तारण किया जाए लेकिन चौकी इंचार्ज द्वारा मेरे साथ न्याय नहीं किया गया अगर दबंगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती है मेरे साथ कोई भी अप्रिय घटना घट सकता है। विधवा महिला के बच्चे रास्ते को अवरुद्ध हो जाने से स्कूल नहीं जा पा रहे हैं।

## गोरखपुर में आयोजित सीनियर राज्य स्तरीय कुश्ती चैंपियनशिप में जौनपुर के लाल ने स्वर्ण पदक पर जमाया कब्जा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गोरखपुर में आयोजित सीनियर राज्य स्तरीय कुश्ती चैंपियनशिप में जौनपुर के लाल जगदीश प्रसाद ने 60 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। स्वर्ण पदक प्राप्त कर जनपद में प्रथम आगमन पर जगदीश पहलवान का कुश्ती संघ के संरक्षक डॉक्टर ब्रजेश कुमार यदुवंशी के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस अवसर पर डॉ यदुवंशी ने कहा कि जगदीश पहलवान बचपन से ही कुश्ती कला में पारंगत रहे हैं। जगदीश ने अब तक राष्ट्रीय स्तर पर आधा दर्जन से अधिक गोल्ड मेडल प्राप्त किये हैं। विदित हो कि इनकी पहलवानी का ही परिणाम रहा कि डीजल रेल कारखाना ( डीएलडब्ल्यू) वाराणसी ने इन्हें कुश्ती के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रदर्शन के लिए स्पोर्ट्स कोटे से नौकरी दिया। ऑल इंडिया चैंपियनशिप जो कि विशाखापट्टनम में आयोजित है उसमें भी जगदीश पहलवान उत्तर प्रदेश की तरफ से अपनी कुश्ती कला का जौहर दिखाएंगे। अपने स्वागत समारोह में



जगदीश पहलवान ने कहा कि जनपद जौनपुर की पहलवानी पहले से ही आगे रही है और वर्तमान में भी जौनपुर के पहलवान अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इन पहलवानों को अच्छे निर्देशन व मार्गदर्शन की सख्त जरूरत है जिससे युवा पहलवान राष्ट्रीय स्तर पर जनपद जौनपुर का नाम रोशन कर सकें।स्वागत समारोह में मुख्य रूप से कुश्ती संघ के संरक्षक डॉक्टर ब्रजेश कुमार यदुवंशी, भरत यादव, सुजीत विश्वकर्मा,प्रदीप चुलबुल, अभिषेक यादव, अजित यादव,शनि मौर्य, अरविन्द यादव उपस्थित रहे।

## समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिला सन्चालन समिति की विशेष बैठक संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी कार्यालय पर नगरपालिका/नगर पंचायत चुनाव को संबंध में जिला संन्चालन समिति की विशेष बैठक हुई जिसमें जिला अध्यक्ष लालबहादुर यादव ने बैठक को सम्बोधित करते हुए बताया कि प्रदेश और राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर यह बैठक बुलाई गई है जिससे नगर पालिका/नगर पंचायत और वार्ड के सभासद के प्रत्याशी के चयन आरक्षण आने के बाद किया जाना है जिसमें जिले के विधायक समेत सभी पूर्व जनप्रतिनिधियों को चुनाव संचालन समिति मे रखा गया है और उनके सुझाव तथा अपने विधानसभा क्षेत्र में आने वाले नगरपंचायत व नगरपालिका के आवेदकों मे सामजस्य बना कर एक आवेदक को प्रत्याशी घोषित किया जाना है नगरपालिका अध्यक्ष मे भी यही लागू करने का प्रयास किया जायेगा अगर सहमति नहीं हो पाने पर तीन नामों को राष्ट्रीय नेतृत्व में भेजा जायेगा समाजवादी पार्टी एकजुटता के साथ मजबूती से यह चुनाव लड़ने का काम करेंगा वहीं उन्होंने चुनाव




आयोग द्वारा वोट बढाने के लिए दिऐ गये तिथि पर बूथ स्तर तक लग कर वोट बढाने का कार्य करें वहीं बैठक के बाद कार्यालय पर मंल्हनी विधायक लकी यादव के जन्मदिन के अवसर पर सभी नेताओं ने केक कटवाकर बधाई शुभकामनाएं दिया बैठक में मुख्य रूप से विधायक तूफानी सरोज, लकी यादव ,पूर्व विधायक लंलन प्रसाद यादव, शैलेंद्र यादव ललई,श्रीराम यादव, राजनरायन बिन्द,दीपचन्द सोनकर, सुषमा पटेल,कैलाश सोनकर, राजबहादुर यादव,राकेश मौर्या, श्याम बहादुर पाल, राहुल त्रिपाठी, राजेश यादव, कलीम अहमद, कमालुद्दीन अंसारी संचालन जिला महासचिव हिसामुद्दीन शाह ने किया।

## थाना सिंगरामऊ पुलिस द्वारा गोवध निवारण अधिनियम से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देश पर अपराध एंव अपराधियों व वांछित अभि0गण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जौनपुर के निर्देशन एव क्षेत्राधिकारी बदलापुर जौनपुर के कुशल पर्यवेक्षण में मुझ थानाध्यक्ष के देखरेख में मुखबिर खास की सूचना पर उ0नि0 रामध्यान यादव मय हमराह का0 विमलेश यादव व का0 दिलीप कुमार द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 28/22 धारा 3₹5 ।₹8 गोवध निवारण अधि0 व 11 पशु क्रुरता निवारण अधि0 में प्रकाश में आये वांछित अभि0 अकबाल उर्फ लाला पुत्र निजामुद्दीन निवासी मिश्रौली थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर उम्र करीब 28 वर्ष गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।




गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता– 1.अकबाल उर्फ लाला पुत्र निजामुद्दीन निवासी मिश्रौली थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर। पंजीकृत अभियोग– 1. मु0अ0सं0 28₹22 धारा 3₹5 ।₹8 गोवध निवारण अधि0 व 11 पशु क्रुरता निवारण अधि0 थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1. थानाध्यक्ष कमलेश कुमार थाना सिंगरामऊ जौनपुर। 2. उ0नि0 श्री रामध्यान यादव थाना सिंगरामऊ जौनपुर। 3. का0 विमलेश यादव, का0 दिलीप कुमार थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर।

## डेंगू की रोकथाम हेतु स्वास्थ्य टीम ने डाला डेरा : दूसरे दिन भी डेंगू से पीड़ित दो मरीजों का लिया सैंपल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंगराबादशाहपुर नगर के के साहबगंज मोहल्ले में फैल रहे डेंगू की रोकथाम हेतु मुंगराबादशाहपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा० राजेश कुमार के निर्देश पर दूसरे दिन मंगलवार को भी स्वास्थ्य टीम द्वारा दो लोगों के ब्लड सैंपल लिए गए तथा लोगों को जागरूक किया गया । नगर के साहबगंज मोहल्ले के (मौर्या बस्ती) में लोग बुखार से पीड़ित होने लगे हैं। जिसकी जांच कराने पर 4 लोगों के डेंगू पाजिटिव पाए जाने पर हड़कंप मच गया । जिसकी सूचना मिलने पर सोमवार को पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बुखार से पीड़ित एक दर्जन से अधिक लोगों के ब्लड सैंपल लिए गए । मंगलवार को फिर पहुंची जांच टीम ने दो मरीजों के ब्लड सैंपल लिए तथा लोगों को बचाव हेतु जागरूक किया गया । टीम में शामिल स्वास्थ्य कर्मियों ने लोगों से मच्छर दानी का प्रयोग करने तथा घरों के आसपास साफ सफाई रखने तथा जल जमाव नहीं होने देने के लिए जागरूक किया । इस अवसर पर डा० अखिलेश चंद्र , नेत्र सहायक अखिलेश तिवारी, लैब टेक्नीशियन अरविंद कुमार, मनोज सिंह , संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

## पुलिस वैन में लगी आग : दर्जनों पुलिस जैकेट जलें

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लखनऊ से पुलिस जैकेट लेकर वाराणसी जा रही पुलिस वैन में चंदवक बाजार के वाराणसी रोड पर स्थित यादव जलपान गृह के सामने अज्ञात कारणों से आग लग गयीं जिससे दर्जनों जैकेट जल गए। समरसेबल पंप चला कर दुकानदारों के सहयोग से आग बुझाई गयीं। लखनऊ से पुलिस कर्मी वैन में पुलिस जैकेट लादकर वाराणसी के लिए जा रहे थे। आजमगढ़ वाराणसी मार्ग पर चंदवक बाजार पहुंचने पर यादव जलपान गृह पर रुककर जलपान करने लगे।इसी बीच वैन के ढालें के अंदर अज्ञात कारणों से आग लग गयीं।धुंआ निकलता देख पुलिस कर्मियों के होश उड़ गए।आनन फानन में दुकानदार का सबमर्सिबल पंप चलाकर लोगों के सहयोग से आग बुझाई गयीं तब तक दर्जनों जैकेट जल गए थे।पुलिस कर्मी वैन लेकर वाराणसी चले गए।इस संबंध में पूछे जाने पर चंदवक थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह ने कहा कि ऐसी किसी घटना की जानकारी नहीं है।

## किसानों द्वारा पराली न जलाने के लिए एसडीएम ने प्रभारी निरीक्षकों को सौंपी जिम्मेदारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : तहसील क्षेत्र के किसान किसी भी दशा में पराली न जलाने पाएं इसके लिए एसडीएम डा0 प्रदीप ने सर्किल के थाना बदलापुर, सिंगरामऊ, महराजगंज, सुजानगंज, बक्शा , खुटहन तथा तेजी बाजार के प्रभारियों को सोमवार को पत्र भेज कर जिम्मेदारी सौंपी है! उन्होंने पत्र में उल्लेख किया है कि किसी भी फसल अवशेष को जलाना राष्ट्रीय हरित अधिकरण व सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दण्डनीय अपराध घोषित किया गया है! 11 नवम्बर को जिले में पराली जलाने की पांच घटनाएं हुई हैं! तहसील क्षेत्र में पराली जलाने से किसी भी दशा में रोकना है! एसडीएम ने थाना प्रभारियो को चेताया है कि कृषकों एवं ग्रामप्रधान को नोटिस देते हुए पराली जलाने से मना करना है! उन्होंने यह भी कहा है कि बगैर फसल अवशेष प्रबन्धन के चलाई जा रही मशीनों को सीज कराएं! जिससे क्षेत्र में पराली जलाने की घटनाएं न हों! किसानों को यह भी बताएं कि यदि कोई भी पराली जलाते हुए पाया गया तो उससे जुर्माना वसूली की कार्यवाही करते हुए सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं से वंचित कर दिया जाएगा!

## दस लाभार्थियों को डीडीओ ने सौपी आवास की चाभी : आवास की चाभी पाकर चमके चेहरे

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ब्लॉक के शहीद हाल में आयोजित आवास लाभार्थियों को धनराशि अंतरण एवं चाभी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आवास के लाभार्थी आवास की चाभी पाकर चहक उठे। ब्लॉक के शहीद हाल में मंगलवार को आवास लाभार्थियों को धनराशि अंतरण एवं चाभी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डीडीओ बीबी सिंह ने वित्तिय वर्ष 2022–23 के तीन लाभार्थियों को धनराशि अंतरण प्रमाण पत्र और मुख्यमंत्री तथा प्रधानमंत्री आवास योजना 2021–22 के दस लाभार्थियों को आवास की चाभी सौंपा। डीडीओ के द्वारा आवास की चाभी पाकर लाभार्थी चहक उठे। डीडीओ ने कहा कि सरकार हर गरीब और पात्रता सूची में आने वाले लाभार्थियों को सरकारी सुविधा देने के लिए संकल्पित है। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख विमलेश यादव, बीडीओ काशी नाथ सोनकर, मंडल अध्यक्ष राधेश्याम विश्वकर्मा, एडीओ पंचायत लाल जी राम, एडीओ आई एस बी संजय श्रीवास्तव, धर्मेंद्र राय, अखिलेश कुमार, अरविंद यादव, श्रुति गुप्ता व नील कमल आदि मौजूद रहे।

## थाना खुटहन पुलिस द्वारा एक वारन्टी को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराध एवं अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर



के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के मार्गदर्शन व प्र0नि0 खुटहन श्री किशोर कुमार चौबे के कुशल नेतृत्व मे उ0नि0 श्री राजित राम यादव मय हमराही कर्मचारी गण की सहायता से आज दिनांक 15.11.2022 को मु0नं0 1298/20 धारा 147/148/323/336/504/506/354ख भादवि से संबंधित वारन्टी निशान्त यादव उर्फ शनि पुत्र रामचन्दर निवासी ग्राम पूराअँधरी थाना खुटहन जौनपुर को सुबह गभीरन बाजार से गिरफ्तार कर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए संबंधित न्यायालय भेजा जा रहा है । गिरफ्तार वारन्टी का नाम व पता– 1. निशान्त यादव उर्फ शनि पुत्र रामचन्दर निवासी ग्राम पूराअँधरी थाना खुटहन जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1.उ0नि0 राजित राम यादव थाना खुटहन जौनपुर। 2. हे0का0 रामआशीष यादव, का0सुदर्शन यादव थाना खुटहन जनपद जौनपुर।

### प्रभारी चिकित्साधिकारी ने डेंगू के बताए लक्षण : दी सलाह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुंगरा बादशाहपुर के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा० राजेश कुमार ने बताया कि तेज बुखार, सर, जोड़ों एवं आंखों के पिछले हिस्से में दर्द की शिकायत होना, त्वचा पर लाल चकता व धब्बा उभरना, मल काला होना, नाक, उल्टी में रक्त स्त्राव का होना डेंगू रोग के प्रमुख लक्षण हैं। इसमें से कोई भी लक्षण दिखाई देने पर उसका उपचार योग्य चिकित्सक अथवा सरकारी अस्पताल पर कराने की सलाह दी । उन्होंने कहा कि डेंगू रोग संबंधी गंभीर लक्षण होने पर निःशुल्क एंबुलेंस सेवा का लाभ उठाने के लिये टॉल फ्री नंबर 102 एवं इलाज संबंधी किसी जानकारी व परामर्श के लिये टॉल फ्री नंबर 104 पर डायल किया जा सकता है।

## मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम काटने का आरोप : सड़क पर उतरने की चेतावनी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर निकाय के चुनाव में नगर पालिका अध्यक्ष की कुर्सी पर अपना आधिपत्य जमाने हेतु वर्ग विशेष के मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से विलुप्त कराने की जांच की मांग की है। पूर्व चेयरमैन कपिल मुनि ने जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा को पत्रक देकर जांच कराने की मांग की थी जिसे गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा उपजिलाधिकारी मछली शहर राजेश चौरसिया को जांच कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी ने सभी बीएलओ को स्थलीय भौतिक सत्यापन कर मतदाता सूची का सत्यापन कर जांच आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश जारी कर दिया। मतदाता सूची में जाति एवं वर्ग विशेष के मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से विलुप्त कराने हेतु बीएलओ पर अनाधिकृत रूप से दबाव बनाया गया। जिसकी सूचना मिलने पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कपिल मुनि गुप्त ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर इसकी जांच कराने की मांग की। जिसे गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने एसडीएम मछली शहर को जांच कराने का निर्देश दिया। एसडीएम के निर्देश पर बीएलओ द्वारा किए गए स्थलीय सत्यापन में जिन लोगों का नाम मतदाता सूची से विलुप्त कराने का दबाव बनाया गया था वह अपने घरों पर मौजूद मिले। इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर एक बीएलओ ने नाम नहीं प्रकाशित करने के अनुरोध के साथ बताया कि हमारे वार्ड में लगभग सौ लोगों के नाम मतदाता सूची से विलुप्त कराने हेतु चिंहित किया गया था। जिसकी जांच करने पर सभी मतदाता मौजूद मिले। जिसकी आख्या भेजी गई है। इस बाबत पूछे जाने पर सपा नेता शैलेन्द्र साहू ने जहां इसे सुनी सुनाई करार दिया वहीं अंजुमन सदर एवं सपा नेता तहसीमुल हक बन्ने ,सपा नगर अध्यक्ष तमजीद अशरफ ने ने गहरी साजिश करार देते हुए कहा कि यदि मतदाता सूची से मौजूदा लोगों का नाम विलुप्त किया गया तो सपा सड़कों पर उतर जाएगी। जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कपिल मुनि गुप्त ने बताया कि साजिश के तहत जाति एवं वर्ग विशेष के मतदाताओं का नाम विलुप्त कराने का प्रयास किया गया था। जिसका स्थलीय सत्यापन के दौरान पर्दाफाश हो गया।

## रोट्रैक्ट बाल मेला रहा लोगों के आकर्षण का केन्द्र

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रोट्रैक्ट क्लब जौनपुर द्वारा लोहिया पर्यावरणीय पार्क में बच्चो में सामाजिक–सांस्कृतिक मूल्यो के विकास एवं उनकी प्रतिभा को पब्लिक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से एक शाम बच्चो के नाम बाल मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम दोपहर से शुरू होकर देर शाम तक चलता रहा, जहां एक तरफ रोट्रैक्ट क्लब द्वारा आयोजित संगीत, नृत्य, क्विज, पेन्टिंग प्रतियोगिता में एक से बढ़कर एक प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया तो वही दूसरी तरफ सांस्कृतिक कार्यक्रम में रॉकस्टार ग्रुप तथा अन्मय, अनय ने लोगो को झूमा देने वाली प्रस्तुति दी। हर प्रस्तुति पर आगंतुक झूमते रहे। बच्चो के लिए आयोजित इस कार्यक्रम ने बच्चे, बूढ़े, महिलाए हर वर्ग के लोगो का आकर्षण का केन्द्र बना रहा, कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पधारे जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी प्रसिद्ध लेखिका एवं अध्यक्ष आकांक्षा समिति, जौनपुर डॉ अंकिता राज विशिष्ट अतिथि, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष माननीय दिनेश टंडन जी, जिला उद्यान अधिकारी श्रीमती ममता सिंह यादव , जिला द्वियांग अधिकारी दिव्या शुक्ला,समाजसेवी रमेश बरनवाल, राष्ट्रीय कलाकार खझड़ी सम्राट सत्य प्रकाश मुन्ना, रोट्रैक्ट क्लब मंडल प्रभारी कामदेश्वर सिंह एवं गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी महोदय ने बाल मेला कार्यक्रम के आयोजन के लिए रोट्रैक्ट क्लब अध्यक्ष कुंवर शेखर का आभार व्यक्त करते हुए अपने उद्‌बोधन मे कहा कि बच्चो की प्रतिभा को मंच देने उनके सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए ऐसे आयोजन समय समय पर होने ही चाहिए जहां से बच्चे अपने सपनो को एक नयी उड़ान दे सकें, प्रतिष्ठित लेखिका डॉ अंकिता राज ने बच्चो का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हे ऐसे कार्यक्रमो में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया एवं अपना स्नेह बच्चो संग सेल्फी लेकर उन्हे आटोग्राफ देकर प्रदर्शित किया, कार्यक्रम में सपरिवार पधारे माननीय जिलाधिकारी महोदय ने बाल मेला कार्यक्रम में आकर्षण का केन्द्र बने माडल के रूप में प्रस्तुत हेलीकॉप्टर वैन का अवलोकन करते हुए उसकी प्रशंसा भी की एवं उनकी सुपुत्री अन्या, अव्या ने भी अपनी प्रस्तुति देते हुए लोगो का मनोरंजन किया। सिंगिंग, नृत्य, क्विज, पेन्टिंग की खुली प्रतिस्पर्धा में सैकड़ो प्रतिभागियों ने अपना भाग्य आजमाया जिनमें पेन्टिंग में 10 वर्ष की आयु में अनुष्का अग्रहरी ने प्रथम, गर्वित सिंह ने द्वितीय वृहद गुप्ता ने तृतीय स्थान एवं 18 वर्ष में आरुष जायसवाल ने प्रथम,आयुष द्वितीय,अथर्व ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, क्विज में आरुष जायसवाल एवं जय विश्वकर्मा ने डांस में स्नेहा,अदिति,वानी, सिंगिंग में अन्वी,गौरव, रीना राय अव्वल स्थान प्राप्त किया और जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्मानित भी किए गये । बाल मेला कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उद्यान अधिकारी श्रीमती ममता सिंह यादव ने एवं संचालन रोट्रैक्ट क्लब जौनपुर के अध्यक्ष कुंवर शेखर गुप्ता ने किया, बाल मेला कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए महत्वपूर्ण योगदान देने वाले विशिष्ट सहयोगी भारत विकास परिषद के विक्रम कुमार गुप्ता, कलाविद रविकांत जायसवाल, अग्रहरी समाज के अध्यक्ष मनोज अग्रहरी, महाराजा वाच हाउस के संजय खान,पीके टायर के पवन प्रजापति, रोट्रैक्ट चेयरमैन विवेक सेठी, सचिव कुलदीप योगी समेत सभी सहयोगी प्रतिष्ठानो, गणमान्य अतिथियों, मीडिया के बंधुओं, एवं आगंतुको का आभार व्यक्त करते हुए कुंवर शेखर ने कहा कि बाल मेला के आयोजन के पीछे के उद्देश्य समाज के अनमोल रत्न, भावी कर्णधार बच्चो को भविष्य के मजबूत युवा के रूप में तैयार करने एवं उन्हे सामाजिक सांस्कृतिक मूल्यो से परिचित कराने के साथ उन्हे एक पब्लिक मंच प्रदान करना व उन्हे समाज से जोड़ना था, जिससे वे अपने जीवन को सरल सुगम व सफल बना सकें। सिंगिंग प्रतियोगिता को माला जायसवाल ने जज किया तथा श्रद्धा श्रीवास्तव ने डांसिंग प्रतियोगिता के आयोजन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में निखिल गोंड ने गिटार, मोहित अग्रहरी ने की–बोर्ड, अमरजीत पप्पू ने ढोलक, अंकित चन्द्रा ने पैड पर संगत की तथा व्यवस्थापक के रूप में मनोनीत निषाद सहयोगी रहे, कार्यक्रम में निःशुल्क प्रवेश होने के कारण दोपहर से ही पार्क में लोगो का तांता लगा रहा जो देर शाम कार्यक्रम समाप्ति तक बना रहा, हजारो की संख्या में पधारे हुए लोगो ने प्रतियोगी बच्चो का उत्साहवर्धन करते हुए एकल, सामूहिक नृत्य एवं गायन कार्यक्रम का पूरा लुफ्त उठाया। इस अवसर पर रोट्रैक्ट क्लब सचिव कुलदीप योगी, कोषाध्यक्ष अनन्या गुप्ता, शशिकांत, अरशद खान, प्रतीक यादव, स्वेछा रानी, प्रियांजलि, नवीन शेखर, दिव्या पाल, श्रद्धा श्रीवास्तव, रामू अग्रहरी, दिव्या मौर्या, पवन प्रजापति, नेहा जायसवाल, ऋषभ जायसवाल, आनन्द प्रकाश गुप्ता, विशाल गुप्ता, श्याम वर्मा तथा अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे।

## हार से हमें कभी निराश नहीं होना चाहिए– डॉ अंकिता राज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : 13 वीं सीनियर राष्ट्रीय सॉफ्ट बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप के समापन के अवसर पर आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ अब्दुल कादिर खान ने की और कार्यक्रम के समापन की मुख्य अतिथि आकांक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ अंकिता राज रही अतिथियों का प्राचार्य डॉ अब्दुल कादिर खान ने बुक एवं पुष्प देकर सम्मान किया प्राचार्य डॉ अब्दुल कादिर ने कहा खेल हमारे मन की शक्ति को तीर करती है जिससे हम आगे के कार्य को करने में अहम भूमिका निभाते हैं। मुख्य अतिथि संबोधन में कहा कि हमेशा हमें खेल में हार से निराश नहीं होना चाहिए क्योंकि हार ही हमें अपने लक्ष्य की तरफ ले जाने में अहम भूमिका निभाती है। आज के फाइनल मैच पुरुष वर्ग पूर्वांचल और यूपी के बीच खेला गया जिसमें पूर्वांचल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 81 रन बनाए जिसके बाद यूपी ने बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट से मैच को जीत लिया और वह चौंपियनशिप की विजेता बनी धीरज ने लगातार तीन 6,6 मार कर अपनी टीम को विजेता बनाया। दूसरा मैच महिला वर्ग में पूर्वांचल और यूपी के बीच खेला गया जिसमें पूर्वांचल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 52 रन 3 विकेट के नुकसान पर बनाएं जिसमें यूपी के सभी बल्लेबाजों ने मात्र



35 रन ही बना पाई और पूर्वांचल की टीम चैंपियनशिप में विजेता बनी।महिला वर्ग में मैन ऑफ द सीरीज का खिताब सुबीना रसूल को मिला पुरुष वर्ग में मैन ऑफ द सीरीज का खिताब मनीष यादव को मिला। इस मौके पर जेएमएस ग्रुप चेयरमैन समाजसेवी जितेंद्र यादव प्रधानाचार्य मोहम्मद नासिर खान,डॉ जीवन यादव,सचिव साबिर खान,मोहम्मद सफी, फिरदोस अहद,मदन सिंह राठौर,रागिनी सोनकर, मोहम्मद जैश खान,मोहम्मद आमिर खान,मोहम्मद आजम, शाहिद अलीम , प्रवीण यादव, मोहम्मद शफीक, अहमद अब्बास खान समस्त खिलाड़ी एवं महाविद्यालय परिवार के लोग मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन डॉ अजय विक्रम सिंह ने किया।

## भाजपा नेता मोती सिंह नें कहा जौनपुर के विकास में राजकेशर सिंह का बड़ा योगदान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राजकेशर सिंह जी ने अपना जीवन समाज के लिए समर्पित कर दिया था वे एक अच्छे संगठन कर्ता के साथ साथ अच्छे जनप्रतिनिधि भी थे उक्त विचार भाजपा के राष्ट्रीय नेता व उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री मोती सिंह जी ने पूर्व सांसद व भाजपा नेता स्व राजकेशर सिंह जी के जन्म जयंती श्रंद्धाजलि सभा में कही और मोती सिंह जी ने कहा कि राजकेशर सिंह जी हमेशा दीनदुखियों की पीड़ा समझते थे और उनके पीड़ा को दूर करने का प्रयास करते रहते थे। पूर्व मंत्री ने कहा कि आज जौनपुर में जो भाजपा खड़ी है उसमें राजकेशर सिंह जी का बड़ा योगदान है। सांसद सीमा द्विवेदी जी ने कहा कि राजकेशर सिंह बाबुजी मेरे पिता समान थे और मेरे पिता मातासेवक उपाध्याय जी के अच्छे मित्र थे मैं बाबुजी की प्रेरणा से ही राजनीतिक क्षेत्र में आई । उसके पूर्व जन्म जयंती पर अखंड रामायण पाठ व मानस प्रवचन श्री प्रकाश चन्द पांडेय विद्यार्थी जी के करते हुए जन्म व मृत्यु पर विस्तार से प्रकाश डाला। उनके पुत्र डॉ दिनेश सिंह बब्बू जी ने कहा कि बाबूजी ने हमेशा समाजसेवा में लीन रहते थे। उक्त अवशर पर श्रद्धासुमन अर्पित करने वाले में एमएलसी विद्यासागर सोनकर पूर्व मंत्री कृपा शंकर सिंह, पूर्व मंत्री शेलेन्द्र यादव ललई पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह, एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंशु, भाजपा



नेता ओमप्रकाश सिंह पत्रकार पूर्व एमएलसी केदारनाथ सिंह, भाजपा नेता राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया, भाजपा नेता अरविंद सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह पूर्व विधायक दिनेश चौधरी, पूर्व विधायक लाल बहादुर यादव, नगर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव,योगेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह ,डी जी सी क्रिमिनल अनिल सिंह कप्तान, डॉ राजवीर सिंह राजा जिला संयोजक नमामि गंगे, ई यशवीर सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता सेलटैक्स वीरेंद्र सिंह वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यन्त सिंह पूर्व मंत्री अवदेश सिंह, महावीर सेना के विमल सिंह आदि सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता, सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों के लोगो ने पहुचकर अपना श्रद्धासुमन अर्पित किया।

# कब मिलेगा सीओ यातायात व निरीक्षक यातायात को अपना कक्ष : बना यक्ष प्रश्न

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : इस समय यातायात कार्यालय में सीओ यातायात कक्ष का अभाव है।जिसके चलते सीओ यातायात व उन्हीं के बगल निरीक्षक यातायात को स्थित कार्यालय के सामने बने बरामदे में बैठकर अपना कार्य निपटाना करना पड़ रहा है।जबकि इससे पहले सीओ यातायात का कार्यभार सीओ अयोध्या सिटी,सीओ अयोध्या व सीओ लाइन को सौंपा जाता था।जबसे यहां पर सीओ यातायात के पद पर अधिकारी घ्घ्घ्घ की तैनाती हो गई है तब से यहां पर भवन की समस्या हुई है।मालूम हो कि पुलिस विभाग में यातायात विभाग का भी अपना एक महत्वपूर्ण अंग है।परंतु इस समय यातायात विभाग खुद अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा हूं।मालूम हो कि यातायात विभाग अयोध्या कार्यालय में सिर्फ एक कमरा व सामने एक बरामदा स्थित हैं।वहां पर स्थित कमरे में यातायात विभाग से संबंधित कंप्यूटर अन्य उपकरण के अलावा यातायात विभाग में तैनात मुंशी कांस्टेबल आदि यातायात विभाग के कर्मी बैठकर अपने कार्यों का निस्तारण करते हैं।वही मजे की बात तो यह है कि इधर इस जिले में जबसे यातायात विभाग में सीओ यातायात के रूप में तैनाती हुई है।तब से इस विभाग के सीओ व निरीक्षक बरामदे में बैठकर कार्य निपटा रहे हैं।इससे पहले डॉ



राजेश तिवारी यातायात विभाग का प्रभार देखते थे।मालूम हो कि इस विभाग में एक सीओ यातायातघ,एक ट्रैफिक इंस्पेक्टर यातायात, चार ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर यातायात, एक दर्जन हेड कांस्टेबल यातायात व पन्द्रह कांस्टेबल यातायात पद पर यातायात पुलिस पुलिस कर्मियों की तैनाती है।कुल मिलाकर इस समय सीओ यातायात व निरीक्षक यातायात बरामदे में ही बैठकर कार्य करने को मजबूर है। जबकि और विभाग में देखे तो संबंधित विभाग के अधिकारियों का अलग ही कमरा है।उदाहरण के लिये पुलिस विभाग के पुलिस अधीक्षक ग्रामीण हो या फिर पुलिस अधीक्षक नगर, सीओ सिटी,सीओ अयोध्या,मुख्य अग्निशमन अधिकारी के अलावा जिले के अन्य सभी सीओ व संबंधित थाना परिसर में एसएचओ का भी एक अन्य कक्ष है। परंतु सीओ यातायात का का ही एक विभाग है जहां सीओ यातायात व निरीक्षक यातायात का अलग से कोई कक्ष नहीं है।आखिर कब तक इन दोनों अधिकारियों को अपना कक्ष मिलेगा यह एक यक्ष प्रश्न है।

# देवकाली तिराहा बेनीगंज संपर्क मार्ग गड्ढों में हुआ तब्दील : लोगों में आक्रोश

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : इस समय जहां एक ओर योगी सरकार की प्रमुख प्राथमिकता प्रदेश में सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करने की है।जिसके चलते उन्होंने दीपोत्सव से पूर्व प्रदेश के सभी अधिकारियों को सख्त दिशा नर्देश दिए थे कि प्रदेश के अगर किसी जिले में सड़कों पर गड्ढा पाया गया तो उससे संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।परंतु योगी सरकार के अति महत्वपूर्ण जिले में शामिल अयोध्या जिले के बड़ी देवकाली से साकेत नगर होते हुए बेनीगंज संपर्क मार्ग पर गड्ढा ही गड्ढा दिखाई दे रहा है।इस मार्ग को देखने से यह लगता है कि यह मार्ग गड्ढों में तब्दील है या फिर गड्ढा मार्ग में तब्दील है।इसी मार्ग से जहां एक ओर सभी राहगीर अयोध्या में प्रभु श्री राम का दर्शन करने जाते हैं और वही इसी मार्ग से शारदीय नवरात्रि व वासंतिक नवरात्रि के दौरान बड़ी देवकाली मंदिर पर अयोध्या जनपद के अलावा और भी आसपास के जिलों से सैकड़ों श्रद्धालु आते हैं।वही इस मार्ग पर गड्ढा होने के चलते कई श्रद्धालु, छात्र छात्राएं व अन्य राहगीर चोटिल भी होते हैं।यहां तक कि कई बार ई–रिक्शा तक भी पलट जाते हैं और इसमें सवार यात्री चोटिल भी होते हैं।इस मार्ग की स्थित वर्षा ऋतु में और भयानक हो जाती है जब मार्ग पर हुये गड्ढों में पानी भर जाता है तो इससे चार पहिया वाहन जो कि इधर से गुजरते हैं उन लोगों को आशंका रहती है कहीं इन गड्ढों में उनके चार पहिए वाहन फस ना जाए वही दोपहिया वाहन, श्रद्धालु और राहगीर के साथ साथ छात्र–छात्राएं इस गड्ढों की चपेट में आकर चोटिल भी होते हैं परंतु इस



गंभीर समस्या पर इससे संबंधित विभाग व अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। अगर देखा जाए तो वासंतिक नवरात्रि व शारदीय नवरात्र आने पर बेनीगंज–देवकाली तिराहा संपर्क मार्ग पर अधिकारियों जनप्रतिनिधियों का भी आना जाना लगा रहता है परंतु इस समस्या पर कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है जिसके चलते यहां आस–पास रहने वाले लोगों का इधर से गुजरने वाले दो पहिया चार पहिया वाहन चालकों के अलावा अन्य राहगीरों के साथ–साथ साकेत नगर पार्षद प्रत्याशी अनिल श्रीवास्तव राजू,अभिषेक सिंह पूजन यादव फिरोज अहमद सत्य प्रकाश श्रीवास्तव मधुकर आनंद गौरव सिंह शंकर सिंह इस्लाम गुड्डू राहुल श्रीवास्तव बिन्नु श्रीवास्तव महमूद नौशाद आदि के अलावा स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

# श्रीमद्भागवत भागवत कथा सुन हर्षित हुए भक्त

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बरसठी ब्लाक के खरगापुर गांव में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा चल रहा है। कथा के दूसरे दिन मंगलवार को बड़ी संख्या में लोगो ने कथा का रसपान किया। कथा



वाचक व्यास रामजीत तिवारी ने भगवान श्रीकृष्ण, सती अनुसुइया, ब्रह्मा, विष्णु, महेश, मांडा ऋषि, राजा परीक्षित, चमन ऋषि आदि कथा का सुंदर वर्णन किया। कथा सुन श्रद्धालु हर्षित हो उठे, जब व्यास जी ने संगीतमय अंदाज में कहा कि जपे जा राधे, राधे पर दीर्घा में बैठे श्रद्धालुगण झूमने लगे। कथा सुनने आये सभी भक्तजनों ने आरती की, प्रसाद का वितरण हुआ। हृदय नारायण शुक्ल ने बताया कि कथा प्रतिदिन 2 बजे से शुरू होता है और 5 बजे आरती होती है। सोमवार को कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर शेषमणि शुक्ल, बालकृष्ण शुक्ल आशुतोष तिवारी, विनोद मिश्र, हेमराज मिश्र, हरिशंकर शुक्ल, राहुल शुक्ल आदि।

# मिशन शक्ति के तहत महिला कांस्टेबलों ने कॉलेज की छात्राओं को किया जागरूक

रिपोर्ट –जनार्दन श्रीवास्तव पाली–हरदोई थाने में तैनात महिला पुलिस कर्मियों ने मिशन शक्ति के तहत बुधवार को पाली नगर स्थित सेठ बाबूराम भारतीय इण्टर कालेज में टीम के साथ पहुँचकर छात्राओं को सुरक्षा एवं उनके अधिकारों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया। साथ ही घरेलू हिंसा,बाल अपराध,यौन उत्पीड़न,सेफ –अनसेफ टच आदि के संबंध में जानकारी दी गई। महिला कांस्टेबल शालू मलिक ने बालिकाओं को महिला सुरक्षा संबंधी जानकारी एवं हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय परिवेश,घर के आसपास या रास्ते में बालिकायें छेड़छाड़ या भद्दे कमेंट का शिकार होती हैं तो वे तत्काल अपने परिजनों एवं अपने शिक्षकों को इसकी जानकारी दें। छात्राओं के साथ अमर्यादित व्यवहार होने पर शासन द्वारा जारी किए गए हेल्पलाइन नम्बरों 1098,112,108,181,1076 अथवा महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 तथा साइबर क्राइम के लिए 1930 पर सम्पर्क कर सकते हैं। मिशन शक्ति अभियान के तहत विभाग की ओर से महिलाओं एवं बेटियों को स्वावलंबी बनाने के कार्य पर बल दिया जा रहा है। आपको बता दें कि महिला मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं कालेज की छात्राओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है साथ ही सरकार महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के प्रति कटिबद्ध है। महिला कांस्टेबल कविता चौहान एवं महिला कांस्टेबल ममता वर्मा ने भी छात्राओं को सुरक्षा संबंधित सहित





अन्य जानकारियां दी गई साथ ही उन्होंने कहा कि बालिकायें किसी प्रकार की असुरक्षा महसूस होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर या थाने पर सूचना दें।कहा कि घटना को छिपाने से अपराधियों के हौसले बुलंद होते हैं।बालिकाओं को भरोसा दिया कि सूचना को पूरी तरह से गुप्त रखा जायेगा।इस अवसर पर विद्यालय की प्रवक्ता विजेता आर्या एवं शिक्षिका प्रीती देवी साथ में मौजूद रहीं।

# तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय खुटहन में शुभारंभ –योग गुरु डॉ ध्रुवराज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल व खण्ड शिक्षा अधिकारी खुटहन पंकज यादव के निर्देशन में बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर दिनांक 16/11/2022 से 18/11/2022 तक श्रीमती अन्जू खरवार वार्डन व समस्त कस्तूरबा परिवार खुटहन के द्वारा किया गया।श्रीमती अन्जू खरवार वार्डन ने बताया कि यह शिविर प्रतिदिन प्रातःकाल 07 बजे से 8:30 बजे तक चलेगी! योग गुरु डॉ ध्रुवराज ने बालिकाओं के स्वास्थ्य के लिए ताड़ासन, ध्रुव आसन, वृक्ष आसन, गरुड़ आसन, त्रिकोण आसन, कटि चक्र आसन, पादहस्त आसन, पश्चिमोतानासन, सर्वाग आसन, शीर्ष आसन, भुजंग आसन, शलभासन, चक्रीय आसन तथा प्राणायाम का अभ्यास कराया गया!! इस



अवसर पर नेहा यादव, कलावती यादव, दिपिका यादव, रू कमीना यादव, पुनम श्री वास्तव आदि लोग उपस्थित रहे!

# नशे में धुत पिता ने गोली मार कर बेटी की किया हत्या

अलीगढ़ ब्यूरो : मडराक थाना क्षेत्र के गांव आबूपुर में मंगलवार देर शाम शराब के नशे में धुत पिता ने किशोरी बेटी की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के मूल में नशे में धुत होकर आए पिता द्वारा मां से मारपीट का विवाद सामने आ रहा है। इस दौरान बेटी ने बीच में टोका टाकी की तो पिता ने बेटी को निशाने पर ले लिया। घटना के बाद



आरोपी मौके से भाग गया। देर रात खबर पर पहुंची पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी शाम को नशे में धुत होकर घर पहुंचा था। थोड़ी देर बाद ही वो अपनी पत्नी अर्चना से मारपीट करने लगा। आरोप है कि इसी दौरान 12वीं की छात्रा बड़ी बेटी 17 वर्षीय शिवानी बीचबचाव में आई और उसने पिता की इस हरकत का विरोध किया तो आरोपी ने बेटी को लोहे की रॉड से पीटना शुरू कर दिया। इतने पर भी उसका गुस्सा शांत ना हुआ और वह कहीं से हथियार ले आया। इस दौरान उसने दो गोली बेटी के मारी। जिसमें एक गोली कंधे में और दूसरी सीने में लगी। हालांकि मौके पर तीन राउंड फ ायर होने की बात कही गई है। घटना के बाद आरोपी फ रार हो गया। काफ ी देर तक पुलिस को इस घटना की सूचना नहीं दी गई। किसी तरह इसकी खबर पास के गांव भरतपुर बझेड़ा निवासी शिवानी के मामा ललित को लगी तो वह मौके पर पहुंचे और उन्होंने तत्काल पुलिस को खबर दी। सूचना पाकर सीओ इगलास राघवेंद्र सिंह व इंस्पेक्टर आदि मौके पर पहुंच गए। तत्काल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और मुकदमे की कार्रवाई की गई । मामा ललित ने अपने बहनोई शैलेंद्र व उसके सहयोगी राजकुमार के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। सीओ ने बताया कि पुलिस टीमें लगा दी गई हैं और आरोपी को तलाश किया जा रहा है। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी शैलेंद्र शराब पीने का आदि है। आये दिन नशे में घर पहुंच कर इसी तरह की हरकत करता था। लगातार बच्चे यह सब सहन करते आ रहे थे। आज बेटी ने विरोध किया तो पूरा गुस्सा बेटी पर उतार दिया।

# गेट पर चौकसी बरतने का कुलपति का निर्देश : बिना आईडी के अंदर आने की इजाजत नहीं

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में विश्वविद्यालय की सुरक्षा में लगे सुरक्षाकर्मियों के साथ बुधवार को कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने एक बैठक की। साथ ही उनका कुशलक्षेम भी पूछा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था में कोई कोताही नहीं होनी चाहिए। सुबह दस बजे से 11 बजे तक परिसर में विद्यार्थियों की आईडी देखकर ही प्रवेश दिया जाए। किसी के पास आईडी न हो तो फीस रसीद देखकर ही उन्हें जाने दिया जाए। उन्होंने कहा कि सुरक्षाकर्मियों के परिसर में रहने के लिए वीर सावरकर सुरक्षा भवन का निर्माण कराया गया है। परिसर में किसी भी तरह का हथियार प्रतिबंधित है। इस पर सुरक्षाकर्मियों यह ध्यान दें कि कोई भी विद्यार्थी या बाहरी व्यक्ति असलहे के साथ प्रवेश न कर सके। परिसर में सुरक्षा की दृष्ट्रि से तीन सीनियर सुरक्षा अधिकारी, पांच गनर और 60 सुरक्षा गार्ड तैनात किए गए हैं। कुलपति प्रो. मौर्य ने सुरक्षाकर्मियों की समस्या से अवगत होने के लिए उन्हें नाश्ते पर आमंत्रित किया था। कुलपति का स्नेह विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों के साथ बराबर



का है। वह बाल दिवस पर बच्चों से तो आज सुरक्षाकर्मियों से मुलाकात कीं। इस दौरान आईक्यूएसी सेल के समन्वयक प्रो. मानस पांडेय, मीडिया प्रभारी डा. सुनील कुमार, कुलपति के निजी सचिव डा. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, सुरक्षाधिकारी अरविंद कुमार सिंह, शिवशंकर और रामसेवक समेत सभी सुरक्षा गार्ड उपस्थित थे।

# कोविशील्ड वैक्सीन का भंडार खत्म : बूस्टर डोज लेने के लिए केंद्रों पर पहुंचे लोगों को किया गया वापस

प्रयागराज ब्यूरो : जिले में मंगलवार को कोविशील्ड वैक्सीन की डोज खत्म हो गई। कुछ केंद्रों पर बची वैक्सीन एक–एक कर लगाई जा रही थी, लेकिन अब वह भी नहीं रह गई। इसके साथ ही बच्चों को दी जाने वाली कार्वेवैक्स की भी डोज खत्म हो गई है। मांग भेजे जाने के बावजूद अभी तक शासन की ओर से न कोई सूचना आई है न ही कोई खेप। इससे अब टीकाकरण केंद्रों को समेटने की तैयारी कर ली गई है। कोरोना संक्रमण के रक्षात्मक उपायों के तौर पर बूस्टर डोज अभी तक सिर्फ 50 प्रतिशत लोगों को ही लगाई जा सकी है। इसके लिए व्यापक प्रचार–प्रसार के साथ चार वैक्सीनेशन केंद्रों पर बूस्टर डोज लगाई जा रही है। इस बीच मंगलवार को कोविशील्ड वैक्सीन पूरी तरह खत्म हो गई। कोविशील्ड वैक्सीन खत्म होने की वजह से मोती लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज समेत अन्य टीकाकरण केंद्रों पर डोज लेने के लिए पहुंचे लोगों को वापस होना पड़ा। कोविड प्रतिरक्षीकरण अभियान से जुड़े स्वास्थ्य विभाग के अफसरों की मानें तो 30 सितंबर तक बूस्टर डोज लगवाने की तिथि तय की गई थी। इस अवधि के बाद तक जो बची हुई डोज थी, वह लगवा दी गई। अब वैक्सीन पूरी तरह खत्म होने की वजह से केंद्रों से लोगों को वापस करना पड़ रहा है। शासन की ओर से बूस्टर डोज लगवाने के लिए न तो अवधि बढ़ाई जा रही है और न तो वैक्सीन की खेप ही भेजी जा रही है। इसके साथ ही 12 से 14 वर्ष तक के बच्चों को दी जाने वाली कार्वेवैक्स वैक्सीन की भी डोज खत्म हो गई है। इससे बच्चों का टीकाकरण भी ठप




पड़ गया है। हालांकि पिछले माह को–वैक्सीन की 10 हजार जो डोज आई थी, वह अभी बची हुई है। लेकिन , ज्यादातार लोगों को कोविशील्ड लगी है। ऐसे में कोविलशील्ड खत्म होने से बूस्टर डोज नहीं लग पा रही है। इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज,टीबी सप्रू अस्पताल, जिला महिला चिकित्सालय और आईएसआई अस्पताल नैनी में संचालित किए जा रहे वैक्सीनेशन केंद्रों को बंद करने की तैयारी कर ली गई है। वैक्सीन न होने से इन केंद्रों पर तैनात टीकाकरण कर्मियों को वापस बुला लिया जाएगा। 30 सितंबर तक बूस्टर डोज लगाने की तिथि निर्धारित थी। इस तिथि को बढ़ाया नहीं गया है। साथ ही कोविशील्ड की डोज खत्म हो चुकी है। बच्चों की भी खुराक नहीं है। ऐसे में नई खेप न आने तक वैक्सीनेशन को लेकर दिक्कतें हो सकती हैं। ऐसे में निजी केंद्रों पर बूस्टर डोज ली जा सकती है। – डॉ. नानक शरण, मुख्य चिकित्साधिकारी।

# पीसीएस–जे के 300 से अधिक पदों पर भर्ती की तैयारी : अभ्यर्थियों को चार साल से भर्ती शुरू होने का इंतजार

प्रयागराज ब्यूरो : उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) न्यायिक सेवा सिविल जज (जूनियर डिवीजन) यानी पीसीएस–जे के 300 से अधिक पदों पर भर्ती की तैयारी कर रहा है। आयोग को इन पदों का अधियाचन मिल चुका है। भर्ती के लिए जल्द ही विज्ञापन जारी किया जा सकता है। इससे पूर्व आयोग ने चार साल पहले वर्ष 2018 में पीसीएस–जे के 610 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था। तब 64691 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए थे। उस भर्ती में चयनित 610 अभ्यर्थियों में से 315 महिला अभ्यर्थी थीं। इसके बाद चार साल से अभ्यर्थियों को पीसीएस–जे की नई भर्ती शुरू होने का इंतजार है। इस दौरान अभ्यर्थियों ने नई भर्ती के लिए कई बार आयोग में ज्ञापन भी दिया। हालांकि, आयोग ने अभी पदों की संख्या की आधिकारिक रूप से

UPPSC

पुष्टि नहीं की है, लेकिन सूत्र बताते हैं कि आयोग को 300 से अधिक रिक्त पदों का अधियाचन मिल चुका है। अब इन पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी चल रही है। सूत्रों का कहना है कि आयोग जल्द ही इन पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी कर सकता है।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।